


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 331

ग्वालियर, सोमवार, 24 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## योगी ने कहा, अब किसी में हिम्मत नहीं किसी की जमीन पर कब्जा करें, अब बुलडोजर चलेगा

**गाजियाबाद।** यूपी में राजनीतिक दलों ने भी अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ गाजियाबाद पहुंचकर कई जगह कोरोना प्रोटोकाल को ध्यान में रखते हुए जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा सरकार ने जो वादे किए थे वह पांच साल में पूरे हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका से अगर तुलना करें,तब अमेरिका की आबादी 33 करोड़ है उसके बावजूद भारत से दोगुनी मौतें कोरोना से हुई हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधकर कहा कि विपक्ष के नेता जब ट्विटर पर लोगों को गुमराह कर रहे थे, उस समय पीएम मोदी हाई लेब्रोट्री में जाकर वैक्सीन का निर्माण करवा रहे थे।

लोगों को फ्री में टेस्ट, फ्री में उपचार, फ्री में वैक्सीन, फ्री में राशन देने का दायित्व हमारी सरकार ने उठाया और हर व्यक्ति के साथ खड़े रहे और जो व्यक्ति संकट का साथी नहीं बन सका तब अब कैसे आप उन्हें चुनाव का साथी चुनेंगे।मित्र और शत्रु की पहचान करने का समय आ गया है। देश के प्रति जो सही सोच रखे उस आगे बढ़ाना होगा। प्रदेश में पांच साल पहले भय का माहौल था और बेटियां बाहर निकलने से डरती थीं। हर दूसरे दिन दंगा होता था। माफिया जमीनों पर कब्जा करते थे। शासन की योजनाओं का लाभ गरीबों को नहीं मिल पाता था। आज अपराधियों की हिम्मत नहीं कि किसी संभ्रांत नागरिक की जमीन पर कब्जा कर ले, अगर करेगा तब बुलडोजर चलेगा। पहले गरीबों का अन्न बांग्लादेशियों को मिलता था। आज 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है। वृद्ध, विधवाओं को 1 हज़ार रुपये की पेंशन दी जा रही है। सपा सबसे पहले अपना बंगला बनाती थी। योगी सरकार ने 43 लाख लोगों को



आवास और शौचालय दिया। एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट दिया। फिल्मसिटी अब मुंबई नहीं गौतमबुद्ध नगर जाना जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो आज कह रहे हैं, 300 यूनिट फ्री बिजली देने वाले हैं, उनके समय मे बिजली आती ही नहीं थी। लोगों की आंखों में धूल झोंक रहे हैं, ये फ्री बिजली का वादा करने वाले। ये युवाओं को टेबलेट का वादा कर रहे हैं। जब पुरानी पेंशन रोकी गयी,तब उनके अब्बा जान सीएम थे। उस समय 4 वर्ष वहां मुख्यमंत्री रहे, उसके बाद 5 वर्ष उनके बेटे मुख्यमंत्री रहे लेकिन तबतक सरकारी कर्मचारियों के पेंशन अकॉउंट तक नहीं थे। जब भाजपा सरकार आई,तब इसकी जांच की और अब न्यू पेंशन स्कीम के तहत लाभ मिल रहा है या नहीं। इसके बाद उनके एकाउंट खुलवाए गए। कोरोना काल मे सरकारी कर्मचारी के वेतन में कोई कटौती नहीं की गई। लेकिन जिन लोगों ने दंगों की राजनीति की आज वहां उसी तरह के लोगों को टिकट दे रहे हैं। सपा ने कोरोना से पलायन करवाने वाले को टिकट दिया। सपा ने लोनी, मुरादाबाद, अमरोहा, मेरठ में कैसे लोगों को टिकट दिया वहां सभी लोग भलीभांति जानते हैं। भाजपा में सभी तबकों का प्रतिनिधित्व कर राष्ट्रवादियों को टिकट दिया हैं। जिस तरह से भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिला, भाजपा ने राष्ट्रवाद और सुरक्षा के मॉडल पर काम किया। पिछली सरकार में कांवड़ यात्रा रोकी जाती थी, हमने यात्रा को सुरक्षा दी और फूल बरसाए। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर लोगों के चेहरे पर खुशी है। साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी चल रही है। सभा के लिए पंडाल लगा है और लोग बेसब्री से उनका इंतजार कर रहे थे, कई जगह सीएम पर कालोनी के लोगों ने फूल बरसाएं हैं।

## खास खबर

### पाकिस्तान से धूल भरी आंधी से महाराष्ट्र के कई शहरों में दृश्यता कम हुई

**मुंबई।** पाकिस्तान से धूल भरी आंधी गुजरात और अरब सागर के रास्ते महाराष्ट्र तक पहुंच गई है, जिससे मुंबई, ठाणे समेत महाराष्ट्र के कई शहरों में दृश्यता कम हो गई है। खासकर मुंबई-पुणे में धूल की मात्रा में वृद्धि दर्ज की गई है. इसके साथ ही मुंबई में वायु गुणवत्ता का स्तर नीचे आ गया है। मुंबई में कुल वायु गुणवत्ता सूचकांक 180 को पार कर पीएम 2.5 पर पहुंचने की बात कही गई है। मलाड और मझगांव में वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में है। आलम यह है कि रविवार को समेत ठाणे जिले में सुबह से ही बादल छाए हैं. हवा में धूल के कणों के कारण कल और आज बारिश हुई, जिससे कई वाहनों और वस्तुओं पर सफेद धब्बे हो गए। मौसम में अचानक आए बदलाव से नागरिकों में भय का माहौल है। बताया गया है कि धूल भरी आंधी पाकिस्तान के कराची से आई है जो अब राजस्थान और गुजरात की ओर बढ़ रही है. इसलिए रविवार सुबह से ही वातावरण धूल भरा रहा। हालांकि, इस धूल भरी हवा का नागरिकों के शरीर पर प्रभाव देखना जरूरी है इसलिए जागरूक नागरिकों ने सरकार से दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है. बता दें कि मौसम विभाग ने कल मुंबई, पुणे, कोंकण और मध्य महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की भविष्यवाणी की थी। वहीं मुंबई, ठाणे, पालघर और नंदुरबार, धुले, नासिक और जलगांव में शनिवार की आधी रात को बारिश हुई।

### राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र का ट्विटर अकाउंट हैक

**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्रा का ट्विटर अकाउंट रविवार को हैक हो गया है। राजभवन के सूत्रों के मुताबिक, राज्यपाल के ट्विटर हैंडल से हैकर ने अरबी भाषा में ट्वीट भी पोस्ट की। सूत्रों ने कहा कि खाता बहाल करने के प्रयास हो रहे हैं। इससे पहले पीएम मोदी का ट्विटर अकाउंट भी हैक किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट को हैक करने के बाद हैकर्स ने बिटक्काइन से संबंधित ट्विट भी किए थे। हालांकि इस पर तुरंत एक्शन लिया गया था।इससे पहले केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी की निजी वेबसाइट को पाकिस्तानी हैकर्स द्वारा निशाना बनाया गया था। वेबसाइट को स्वतंत्रता दिवस पर हैक कर लिया गया था और हैकरों ने पाकिस्तान से संबंधित संदेश डाले थे। बाद में इस घटना की पुष्टि जी किशन रेड्डी के कार्यालय ने बाद में हैदराबाद में की थी। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बिडेन, टेस्ला के सीईओ एलोन मस्क, माइक्रोसाफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स, जेफ बेजास, बराक ओबामा सहित हाई प्रोफाइल ट्विटर अकाउंट्स को भी एक साथ हैक किया गया था। इस घटना के सामने आने के बाद अमेरिका के दोनों प्रमुख दलों सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी और विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के कई सांसदों ने ट्विटर की जवाबदेही तय करने की मांग की थी।

### ड्रैगन की 44 उड़ानों पर अमेरिका ने लगा दी ब्रेक

**बीजिंग।** बीजिंग की कार्रवाई के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका ने अमेरिका से चीन के लिए 44 उड़ानों को रद्द कर दिया है। अमेरिकी अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। यूएस ने कोरोना वायरस (कोविड?-19) के प्रसार का हवाला देते हुए यह कार्रवाई की है। आपको बता दें कि पिछले दिनों चीन ने अमेरिका की डेल्टा एयरलाइंस, यूनाइटेड एयरलाइंस और अमेरिकन एयलाइंस के कुछ यात्रियों के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद इन कंपनियों की उड़ानों के चीन में प्रवेश पर पाबंदी लगा दी थी। अमेरिका ने चीन के इस कदम को अनुचित बताया था। शुक्रवार को अमेरिका द्वारा चीन की उड़ानों को रद्द करने का आदेश जारी कर दिया गया। अमेरिका के इस आदेश के बाद दोनों देशों के बीच चला आ रहा पुराना विवाद और बढ़ गया है। अमेरिका के द्वारा लिए गए फैसले को चीन ने जनहित के विरुद्ध बताया है। अमेरिकी आदेश के तहत 30 जनवरी से 29 मार्च के बीच एयर चाइना, चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस, चाइना सदर्न एयरलाइंस और शियामेन एयरलाइंस की 44 उड़ान रद्द की जाएंगी।

### 40 फीसदी टिकट महिलाओं को देने के वादे पर भी किया तंज

## अदिति सिंह की प्रियंका गांधी को रायबरेली से चुनाव की चुनौती

**नई दिल्ली।** रायबरेली सदर से बीजेपी की प्रत्याशी अदिति सिंह ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर तीखा हमला किया है। उन्होंने जहां प्रियंका गांधी को अपने खिलाफ लड़ने की चुनौती दी है, वहीं कांग्रेस के लड़की हूं लड़ सकती हूं कैंपने को कोरा नारा बताया है। अदिति सिंह ने कहा कि एक बार प्रियंका मेरे खिलाफ लड़ लेंगी तो बहुत कुछ साफ हो जाएगा और यह भी सबको पता चल जाएगा कि रायबरेली अब कांग्रेस का गढ़ नहीं है।



गौरतलब है कि रायबरेली से कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी सांसद हैं और पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को यूपी में इसी एकमात्र सीट पर सफलता मिली थी। एक और गढ़ मानी जाने वाली अमेठी सीट से राहुल गांधी बीजेपी की स्मृति ईरानी से हार गए थे। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में अदिति सिंह ने कांग्रेस पार्टी के टिकट पर रायबरेली से 90 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से विधानसभा चुनाव जीता था। अदिति के पिता अखिलेश कुमार सिंह अलग-अलग पार्टियों और निर्दलीय के रूप में रायबरेली सदर से पांच बार विधायक चुने गए थे। 2019 में अखिलेश सिंह के देहांत के बाद अदिति इस बार बिना पिता के साए के अपनी नई पार्टी भाजपा से इस सीट से मैदान में हैं। अदिति सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने यह मान लिया था कि अमेठी और रायबरेली की जनता उसके साथ ही रहेगी और कुछ नहीं किया। एक के बाद एक चुनावों में लगातार कांग्रेस को यहां से जीत मिली लेकिन इन दोनों जगहों की जनता के लिए उन लोगों ने कुछ भी नहीं किया। अदिति सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस बार इतिहास बनेगा और पहली बार रायबरेली सदर में कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि 10 मार्च के परिणाम के बारे में सोचकर मैं उत्साहित हूं। अदिति ने कहा, मैं उनके रायबरेली से लड़ने का स्वागत करूंगी। यूपी में महिलाओं को 40 प्रतिशत सीटें देने और कांग्रेस के कैंपेन लड़की हूं लड़ सकती हूं पर भी अदिति ने तंज कसा। उन्होंने कहा, यह एक राजनीतिक स्लोगन के अलावा कुछ नहीं है क्योंकि जमीन पर कांग्रेस के लिए कुछ भी नहीं है। अगर कांग्रेस सच में इसको लेकर गंभीर है तो उन राज्यों में इसे क्यों लागू नहीं किया गया जहां पार्टी अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में हैं। अन्य राज्यों में तो महिलाओं को 20 फीसदी टिकट भी नहीं दिए गए। गोवा में पार्टी ने 28 उम्मीदवारों की सूची जारी की है, जिसमें सिर्फ दो महिलाएं हैं।

## ज्यादा कमाई के चक्कर में आधी हो गई कमाई, बिटकॉइन की कीमत में गिरावट

**मुंबई।** बिटकॉइन के भाव में गिरावट का सिलसिला जारी है। बिटकॉइन की कीमत शनिवार को गिरावट के साथ 34,042 डॉलर तक पहुंच गई थी, जो नवंबर में एक समय में 69,000 डॉलर के करीब थी।इस तरह



बिटकॉइन में लगभग 3 महीने में करीब 50 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है।इसका मतलब यह है कि बिटकॉइन में निवेश करने वाले लोगों की कुल संपत्ति नवंबर से अब तक आधी हो चुकी है।दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी में भारी गिरावट की वजह से इसका मार्केट वैल्यू करीब 600 अरब डॉलर घट गया है। बिटकॉइन ने नवंबर, 2021 में अपने सबसे उच्चतम स्तर को छुआ था। तब से अब तक केवल बिटकॉइन की वैल्यू में 600 अरब डॉलर और पूरे क्रिप्टो मार्केट के वैल्यूएशन में एक लाख करोड़ डॉलर की कमी आ चुकी है। बिटकॉइन और पूरे क्रिप्टो मार्केट में यह डॉलर टर्म में अब तक की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले 7 दिन में बिटकॉइन में 18.15 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। यह अभी 35,324.46 डॉलर पर ट्रेंड कर रहा है।ईथर का भाव 2,500 डॉलर से नीचे आ चुका है। इसकी कीमत पिछले 7 दिन में करीब 26 फीसदी की गिरावट के साथ 2,460.94 डॉलर पर रह गई है।

## खाद किल्लत पर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का अजीब बयान

**नई दिल्ली।** इस समय मध्य प्रदेश के किसान खाद संकट को लेकर परेशान हैं। कई जिलों से तस्वीरें आ रही हैं, जिसमें किसान घंटों लाइन लगाने के बावजूद खाद के लिए इंतजार ही करते रह जा रहे हैं। इस बीच



केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि देश में जो भी खाद संकट है वह विदेश के कारण है। नरेंद्र तोमर ने कहाकि खाद और खाद बनाने के कुछ केमिकल विदेशों से आते हैं। यह विदेशी कंपनियां खाद को लेकर सरकार को ब्लैकमेल करती हैं। उन्होंने यह भी कहाकि अब किसानों को भी यह सोचना चाहिए कि हमें दूसरे देशों के सामने कितना झुकना चाहिए। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने यह भी कहाकि जब भी खाद की कमी होती है तो मेरे लिए टेंशन बढ़ जाती है। देश के सभी मुख्यमंत्री मुझे फोन करते हैं, लेकिन जब खाद होगी तभी तो मिल पाएगी। नरेंद्र सिंह तोमर ने कहाकि बाकी राज्यों में ज्यादा यूरिया डाला जाता है और मध्य प्रदेश में कम। यही वजह है कि बाकी राज्यों के लोग मध्य प्रदेश का आटा खा रहे हैं।

## नेताजी की जंयती पर ममता की पीएम मोदी से मांग, इस दिन को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करे

**नई दिल्ली।** देश के महान नायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर राजनीतिक सरगर्मी तेज है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में घोषणा की है कि 23 जनवरी से नेताजी की जयंती के दिन से गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन शुरू होगा। इसके बाद सभी राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने तरह से नेताजी के नाम को भुनाने की कोशिश में लगी हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नरेंद्र मोदी सरकार से मांग की है, कि नेताजी की जयंती के दिन राष्ट्रीय अवकाश घोषित करे। ममता ने कहा है कि पूरे देश के लोग अपने महान राष्ट्रनायक को श्रद्धांजलि दें, इसके लिए जरूरी है कि नेताजी जन्मदिवस के दिन राष्ट्रीय छुट्टी घोषित की जाएं। उन्होंने कहा कि अपने नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि देने का सबसे बेहतर तरीका यह होगा इस दिन को देशनायक दिवस के रूप में मनाकर इस दिन पूरे देश में छुट्टी हो। शनिवार को नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रैली का आयोजन किया था। इसमें तृणमूल कांग्रेस के अनेक नेता, विधायक सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। इससे पहले सवा बारह बजे सायरन भी बजाया गया, 23 जनवरी 1897 को इसी समय बोस का जन्म हुआ था। रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, हम सिर्फ चुनाव के समय नेताजी की जयंती नहीं मनाते।



### बारिश से बढ़ी ठिठुरन, उत्तर भारत में चल रही शीतलहर

## कड़ाके की ठंड के बीच कई हिस्सों में बारिश का दौर जारी



**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में बीते 2 दिन से बारिश की गतिविधियों के चलते तापमान में गिरावट आई है। साथ ही शीतलहर भी कहर बरपा रही है। उत्तर भारत में कंपकंपाती सर्दी के बीच बारिश ने मुश्किलें पैदा कर दी हैं। कड़ाके की ठंड के बीच देश के कई हिस्सों में बारिश का दौर जारी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के कारण दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, पश्चिम यूपी, चंडीगढ़ में आज भी बारिश होगी। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ जम्मू कश्मीर और आसपास के इलाकों पर बना हुआ है और प्रेरित चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र पश्चिमी राजस्थान के हिस्सों पर बना हुआ है। जिससे मैदानी इलाकों में बारिश और पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी जारी है।मौसम विभाग के मुताबिक, यूपी के हापुड़, संभल, चंदौसी, बुलंदशहर, खुर्जा, अलीगढ़, कासगंज, नरौरा और आस-पास के इलाकों में अगले कुछ घंटों में बारिश होगी। वहीं, राजधानी दिल्ली और इससे सटे इलाकों में हल्की से मध्यम तीव्रता की बारिश होने की संभावना है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट वेदर के मुताबिक, एक ट्रफ रेखा पश्चिमी राजस्थान से पूर्वी उत्तर प्रदेश तक फैली हुई है। जिसके चलते उत्तर और पूर्वोत्तर राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, शेष उत्तर प्रदेश, बिहार के कुछ हिस्सों, उत्तरी मध्य प्रदेश, सिक्किम, झारखंड, असम और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों और पश्चिम बंगाल के अलग-अलग हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।दिल्ली-एनसीआर में ठंड का असर कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में आज का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। जबकि अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। दिल्ली में आज पूरे दिन हल्की से मध्यम बारिश होती रहेगी। इसके अलावा ओडिशा, दक्षिण छत्तीसगढ़, तटीय आंध्र प्रदेश, शेष पूर्वोत्तर भारत, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, गुजरात के पूर्वी हिस्सों और कोंकण और गोवा में हल्की बारिश संभव है। अगले 24 घंटों के दौरान, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है।

## 'भारतीय अर्थव्यवस्था में चमकीले स्थानों के साथ कुछ काले धब्बे हैं : पूर्व गवर्नर रघुराम राजन

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि 'भारतीय अर्थव्यवस्था में चमकीले स्थानों के साथ कुछ काले धब्बे' भी हैं,इसमें सरकार को अपने खर्च को सावधानी से 'लक्षित' करने की जरूरत है, ताकि राजकोषीय घाटे को बहुत ऊंचाई पर पहुंचने से रोका जा सके। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ने कहा कि सरकार को अर्थव्यवस्था के 'के' आकार के पुनरुद्धार को रोकने के लिए और उपाय करने की जरूरत है। सामान्य तौर पर के-आकार के पुनरुद्धार में प्रौद्योगिकी और बड़ी पूंजीगत कंपनियों की स्थिति महामारी से अधिक प्रभावित छोटे व्यवसायों और उद्योगों की तुलना में तेजी से ठीक होती है। राजन ने कहा, अर्थव्यवस्था के बारे में मेरी सबसे बड़ी चिंता मध्यम वर्ग, लघु एवं मझौले क्षेत्र और हमारे



बच्चों को लेकर है। ये सारी चीजें दबी मांग से शुरुआती पुनरुद्धार के बाद 'खेल' में आएगी।

उन्होंने कहा कि इन सभी का 'लक्षण कमजोर उपभोक्ता मांग है। विशेष रूप से व्यापक स्तर पर इस्तेमाल वाले उपभोक्ता सामान की मांग काफी कमजोर है।राजन ने कहा कि अर्थव्यवस्था में हमेशा चमकदार स्थानों के साथ गहरे काले धब्बे होते हैं। उन्होंने कहा कि चमकदार क्षेत्रों की बात की जाए,तब इसमें स्वास्थ्य सेवा कंपनियां आती हैं। इनके अलावा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और आईटी-संबद्ध क्षेत्र जबर्दस्त कारोबार कर रहे हैं। कई क्षेत्रों में यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन) बने हैं और वित्तीय क्षेत्र के कुछ हिस्से भी मजबूत हैं। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर ने कहा, काले धब्बों की बात करें तब बेरोजगारी, कम क्रय शक्ति (विशेषरूप से निम्न मध्यम वर्ग में), छोटी और मझौले आकार की कंपनियों का वित्तीय दबाव इसमें आता है।इसके अलावा काले धब्बों में ऋण की सुस्त वृद्धि और हमारे स्कूलों की पढ़ाई भी आती है।राजन ने कहा कि कोरोना का नया स्वरूप ओमीक्रॉन चिकित्सकीय और आर्थिक गतिविधियों दोनों के लिए झटका है।

### महाराष्ट्र में कहर बरपा रहा कोरोना, हुई 48 मौतें

मुंबई। एक बार फिर महाराष्ट्र में कोरोना अपनी कहर बरपा रहा है. राज्य में कोरोना वायरस के ओमिक्रोन वेरिएंट के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे राज्य सरकार की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं. शनिवार को महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमण के 46,393 नए मामले दर्ज किए गए थे. इनमें ओमिक्रोन वेरिएंट के के 416 मामले थे. स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि राज्य में शनिवार को कोरोना महामारी से और 48 लोगों की मौत हो गई. इस आंकड़े के साथ राज्य में कोरोना संक्रमण से मृतकों के आंकड़े बढ़कर 1,42,071 हो गए हैं।

## लता मंगेशकर अभी भी आईसीयू में डॉक्टर बोले, उन्हें दुआओं की जरूरत

**मुंबई।** महान गायिका लता मंगेशकर को अस्पताल में आज 16वां दिन हैं। 8 जनवरी को उन्हें कोरोना पॉजिटिव और निमोनिया की शिकायत होने के बाद मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 92 वर्षीय लता की उम्र और सेहत का ख्याल रखते हुए उन्हें आईसीयू में डॉक्टर्स की सख्त निगरानी मे रखा गया है। गतदिवस लता मंगेशकर की सेहत में सुधार देखा गया था, लेकिन लता दी का इलाज कर रहे, डॉक्टर प्रतीत समदानी का कहना है कि उन्हें दुआओं की सख्त जरूरत हैं, जिसके बाद से फैंस उनकी सेहत को लेकर परेशान हैं। लता मंगेशकर की सेहत को लेकर तमाम तरह की अफवाहों के बीच, स्वर कोकिला का इलाज कर रहे डॉक्टर प्रतीत समदानी ने उनका हेल्थ अपडेट दिया है। डॉ समदानी ने कहा, कल से उनकी तबीयत में सुधार है, लेकिन उन्हें आईसीयू में निगरानी में रखा गया है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करें। लता दी के फैंस और बॉलीवुड सेलेब्स लगातार उनकी अच्छी सेहत के लिए दुआएं कर रहे हैं।

**फैंस और बॉलीवुड सेलेब्स उनकी अच्छी सेहत के लिए कर रहे हैं दुआएं**

**लता मंगेशकर के प्रवक्ता ने कहा- झूठी अफवाहों पर फैंस विश्वास न करें**

## न्यूज़ ट्रैक....

### साइना पर अभद्र टिप्पणी करने वाले अभिनेता को चेन्नई पुलिस ने समन भेजा

**चेन्नई** । बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल को लेकर आपत्तिजनक ट्वीट करने वाले अभिनेता सिद्धार्थ की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पुलिस ने सिद्धार्थ के खिलाफ समन जारी किया है। चेन्नई पुलिस के कमिश्नर शंकर जीवल ने एक आधिकारिक बयान जारी करके कहा है, 'अभिनेता सिद्धार्थ को बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल पर उनके विवादास्पद ट्वीट को लेकर तलब किया गया है क्योंकि हमें इस संबंध में दो शिकायतें मिली हैं और इस मामले में हम उनसे उनका बयान दर्ज करना चाहते हैं।' साइना ने साइना को लेकर अभद्र ट्वीट किया था जिसके बाद लोगों ने उनकी कड़ी आलोचना की थी।

### ऐसे में सिद्धार्थ ने एक और पोस्ट के जरिए साइना से माफी मांगी थी।

गौरतलब है कि साइना ने पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में हुई लापरवाही को लेकर एक पोस्ट जारी किया था। इसमें उन्होंने लिखा था– 'कोई देश खुद के सुरक्षित होने का दावा नहीं कर सकता है अगर प्रधानमंत्री की सुरक्षा से ही समझौता हो जाए। मैं इसकी कड़े शब्दों में निंदा करती हूं।' उनके इसी ट्वीट पर सिद्धार्थ ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। साइना ने भी इसपर नाराजगी व्यक्त की थी।

### निशानेबाज अंजुम और अंकुश शादी के बंधन में बंधे

**चंडीगढ़** । निशानेबाज अंजुम मोदगिल और अंकुश भारद्वाज शनिवार को शादी के बंधन में बंध गये। अंजुम और अंकुश अंतरराष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज हैं। इनकी शादी में कोरोना प्रोटोकाल को देखते हुए करीब रिश्तेदार और लोगों को ही बुलाया गया था। पूरा समारोह बेहद सादगी से हुआ ओर इसमें केवल 100 लोग ही शामिल हुए। जिसमें दोनों परिवारों के करीबी रिश्तेदार और मित्र थे। अंकुश और अंजुम की शादी में उनके दोस्त व अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज अजीतेश कौशल, अर्जुन बबूता और अभिषेक राणा भी शामिल हुए।

### अय्यर, चहल और वार्नर को शीर्ष ड्रॉ में मिल सकती है जगह

**मुम्बई** । आईपीएल के 15 वें सत्र के लिए अगले माह होने वाली मेगा नीलामी में भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर, स्पिनर युजवेंद्र चहल के साथ ही ऑस्ट्रेलयाई आस्ट्रेलिया बल्लेबाज डेविड वार्नर को शीर्ष ड्रॉ में रखा जा सकता है। श्रेयस और चहल के अलावा 10 टीमें सीनियर सलामी बल्लेबाज शिखर धवन, बल्लेबाज ईशान किशन, तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर, हर्षल पटेल और अवेश खान तथा स्पिनर राहुल चाहर और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर जैसे भारतीय खिलाड़ियों पर बोली लगाएंगे। इस दौरान भारतीय खिलाड़ियों के लिये सात से 15 करोड़ रुपये तक की बोली लगायी जा सकती है।

# आईपीएल नीलामी में वॉर्नर, रैना , किशन और धवन सहित 1214 खिलाड़ियों पर लगेगी बोली

## 896 भारतीय और 318 विदेशी खिलाड़ी शामिल होंगे




**मुम्बई** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र के लिए अगले माह होने वाली मेगा नीलामी में 1214 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। इसमें ऑस्ट्रेलियाई टीम के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श उन 49 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिनका आधार मूल्य आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी के लिए 2 करोड़ रुपये रखा गया है। आईपीएल की मेगा नीलामी अगले महीने 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में होगीहै। नीलामी के लिए इस बार 1214 खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें 896 भारतीय और 318 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं।

मेगा नीलामी में इस बार करीब 1214 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। इनमें 270 कैप्ड, 903 अनकैप्ड और 41 एसोसिएट देशों के खिलाड़ी शामिल हैं। 1214 में से 49 खिलाड़ियों ने अपना आधारमूल्य 2 करोड़ रुपये रखा है। इन 49 खिलाड़ियों में से 17 भारतीय और 32 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीयों में आर अश्विन, श्रेयस अय्यर, शिखर धवन, ईशान किशन, सुरेश रैना हैं जबकि विदेशियों में पैट कमिंस, एडम जम्पा, स्टीवन स्मिथ, शाकिब अल हसन, मार्क वुड, ट्रेंट बोल्ट, फाफ डु प्लेसिस, क्विंटन डी कॉक, कैगिसो रबाडा और ड्वेन ब्रावो हैं। आईपीएल 2022 के लिए इस बार टीमें 90 करोड़ रुपये खर्च कर सकती हैं। इसमें प्रत्येक फ्रेंचाइजी की टीम में अधिकतम 25 खिलाड़ी होंगे और 217 खिलाड़ियों को ही नीलामी में खरीदा जाएगा।इनमें से 70 विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं। इसके अलावा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के पूर्व सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडिकल, गेंदबाज हर्षल पटेल और वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर ओडियन स्मिथ ने भी अपना आधार मूल्या 2 करोड़ रुपये रखा है।

### 318 में से आष्ट्रेलिया के 59 खिलाड़ी

जिन 318 विदेशी खिलाड़ियों पर बोली लगने हैं, उनमें सबसे ज्यादा ऑस्ट्रेलिया के 59 खिलाड़ी है। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका से 48, वेस्टइंडीज से 41, श्रीलंका से 41, अफगानिस्तान से 20, बांग्लादेश से 19, इंग्लैंड से 30, न्यूजीलैंड से 29, नेपाल से 15, अमेरिका से 14, नामीबिया से पांच, आयरलैंड से तीन, जिम्बाब्वे से दो और भुटान, नीदरलैंड्स, ओमान, स्कॉटलैंड और यूएई से एक-एक खिलाड़ी शामिल हैं। इस बार नीलामी में 8 की जगह 10 टीमें रहेंगी, इससे ज्यादा खिलाड़ियों को खेलने के अवसर मिलेंगे। इन टीमों ने नीलामी से पहले ही 33 खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ा है। वहीं मिचेल स्टार्क, सैम कुरेन, बेन स्टोक्स, क्रिस गेल, जोफ्रा आर्चर और क्रिस वोक्स नीलामी की शुरुआती सूची में शामिल नहीं हैं।

# आईपीएल 2022 के सबसे महंगे खिलाड़ी बने राहुल



**मुम्बई** । बल्लेबाज लोकेश राहुल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र के सबसे महंगे खिलाड़ी बने हैं। राहुल को आईपीए की नई फ्रैंचाइजी लखनऊ ने अपना कप्तान बनाया है। लखनऊ ने राहुल को 17 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया है। इसके साथ ही राहुल आईपीएल 2022 के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं मुंबई इंडियंस ने कप्तान रोहित शर्मा को 16 करोड़ जबकि कोहली को आरसीबी ने 15 करोड़ रुपये में टीम में बरकरार रखा है। कोहली मौजूदा समय में आरसीबी के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। इससे पहले साल 2018 से 2021 तक के लिए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने विराट कोहली से 17 करोड़ रुपये में करार किया था। फ्रेंचाइजी ने राहुल के अलावा ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस को 9.2 करोड़ और अनकैप्ड लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को भी टीम में शामिल किया है।इन तीन खिलाड़ियों को खरीदने के बाद भी लखनऊ फ्रैंचाइजी के पास नीलामी के लिए अभी भी करीब 59 करोड़ रुपये शेष हैं। आईपीएल के 15वें सत्र में 8 की जगह कुल 10 टीमें भाग लेंगी। लखनऊ ने एंडी फ्लावर को अपना कोच बनाया है। वहीं गौतम गंभीर इसके मेंटोर होंगे।

### लॉस एंजिल्स ओलंपिक में शामिल किया जा सकता है क्रिकेट

**नई दिल्ली** । लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेल 2028 में क्रिकेट को जगह मिल सकती है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की प्रारंभिक सूची में क्रिकेट को इन खेलों में जगह नहीं दी गयी है पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समिति (आईसीसी) को अब भी उम्मीद है कि समय आने पर क्रिकेट शामिल हो सकेगा। इससे पहले आईओसी ने ओलंपिक 2028 के लिये जिन 28 खेलों की प्रारंभिक सूची जारी की थी उसमें हैं। क्रिकेट के अलावा मुक्केबाजी, भारोत्तोलन और मॉडर्न पेंटाथलॉन को भी इसमें जगह नहीं मिली है पर इन खेलों के संबंधित अंतरराष्ट्रीय महासंघों को ओलंपिक 2028 में अपना स्थान सुरक्षित करने के लिये कुछ मानदंडों को पूरा करने के लिये 2023 तक का समय दिया गया है। इस प्रारंभिक सूची को अगले माह फरवरी में बीजिंग में आईओसी बैठक में मंजूरी के लिये रखा जाएगा जो कि केवल औपचारिक होने की संभावना है।



मेलबर्न मे ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस में बैकहैंड शॉट लगाती हुई फ्रांस की एलीजे कोर्नेट।






# शासन की योजनाओं का ठीक प्रकार से क्रियान्वयन कर जनता तक पहुंचायें उनका लाभः मंत्री डॉ भदौरिया

## जिले में हर प्रकार की अवैध गतिविधि पर प्रभावी कार्यवाही कर जिले को अपराध मुक्त बनायें

## सहकारिता मंत्री ने किया भिण्ड जिले के पर्यटन पर आधारित वर्ष-2022 के कैलेंडर का विमोचन

भिण्ड। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने आज जिला पंचायत सभागार में जिले एवं अटेर क्षेत्र के निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली, उन्होंने इस दौरान उपस्थित अधिकारियों से कहां कि शासन की योजनाओं का ठीक प्रकार से क्रियान्वयन कर जनता तक उनका लाभ पहुंचायें। इस दौरान कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, ओएसडी अखिलेश श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदय सिंह सिकरवार सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री डॉ भदौरिया ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणो को समय से निराकरण हेतु निर्देश दिये। उन्होंने जिले के ब्लॉकों में राजस्व शिविर लगाकर विभिन्न राजस्व सेवायें जनता को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाईन समीक्षा में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए एवं जनता को संवंधित सेवायें समय सीमा में देने हेतु संवंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। पीएचई विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री डॉ भदौरिया ने हैंडपम्पों के संधारण की शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने निर्देश दिए साथ ही जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले एवं अटेर क्षेत्र योजना का ठीक से क्रियान्वयन कर हर घर तक नल से जल पहुँचाने का कार्य पूर्ण निष्ठा के साथ करने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री डॉ भदौरिया ने कहा कि खाद्यान का वितरण ठीक से हो दुकाने समय से खुले, खाद्यान वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता को बरर्दास्त नही किया जायेगा। पीडीएस की दुकान से वितरण में अनियमित्ता करने वालों पर कार्यवाही की जायें। पुलिस विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री डॉ भदौरिया ने कहा कि अवैध शराब, नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाए, किसी को नही छोड़ा जायें। जिले में हर प्रकार की अवैध गतिविधि पर प्रभावी कार्यवाही कर जिले को अपराध मुक्त बनायें। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान विभाग अंतर्गत पीआईयू द्वारा फूफमें निर्माणाधीन डिग्री कॉलेज के निर्माण की निम्न गुणवत्ता पर मंत्री डॉ भदौरिया द्वारा नाराजगी जाहिर की गई एवं संवंधित निर्माण कर रहे ठेकेदार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने पोषण आहार वितरण में प्राप्त हो रही शिकायतों के बारे में पूछा एवं वितरण ठीक प्रकार से करने हेतु निर्देशित किया। ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं सर्व शिक्षा अभियान, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी, आदिम जाति कल्याण विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, श्रम विभाग, म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, अध्यात्म एवं धर्मस्व विभाग, विद्युत विभाग, नगर परिषद फूफ, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (जिला पंचायत), वन विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर जानकारी प्राप्त की। सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने समीक्षा बैठक के प्रारंभ में भिण्ड जिले के पर्यटन पर आधारित वर्ष-2022 के कैलेंडर का विमोचन किया। उन्होंने कैलेंडर के हर पेज का अवलोकन किया तथा कैलेंडर की थीम और प्रस्तुति की प्रशंसा की।



## तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आध्यात्मिक विचारों से देश को आजादी मिलीः अतुल पाठक

### भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सुभाष चंद्र बोस चौराहे पहुंचकर उनकी प्रतिमा जयंती पर माल्यार्पण किया



भिण्ड। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारत देश को स्वतंत्रता दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा ऐसे संकल्प के साथ आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भिंड शहर के सुभाष चौराहे पर पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल पाठक ने कहा कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विचार जिस भाव से उन्होंने जनता को जागृत किया है उन्हीं के बलिदान से यह देश को आजादी प्राप्त हुई भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता इसी भाव को संकल्प के साथ उनके अद्भुत विचारों को हर समाज के व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करेंगे मैं उनको शत-शत नमन करता हूं। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्रीमती आभा जैन ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रेरणादायक विचारों को महिला मोर्चा की कार्यकर्ता सर्व समाज की बहन हो तक पहुंचाने का संकल्प लेती है मैं उनके चरणों में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूंसए उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में नेता जी का विशेष योगदान रहा है। इस अवसर पर सुनील कौशल, मन्नू दीक्षित, सरजन नरवरिया, सौरभ जैन, रूपेश नरवरिया, सौरभ भदौरिया, सत्यम श्रीवास, विक्रम सिंह, लवकुश परिहार, गिर्राज नरवरिया, विजय आदि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### वैश्य महासभा सम्मेलन का वार्षिक पंचांग कैलेंडर का हुआ विमोचन



गोहद। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी वर्ष 2022 का वार्षिक पंचांग कैलेंडर मध्य प्रदेश वैश्य महासभा सम्मेलन का विमोचन स्थानीय वैश्य महासभा के पदाधिकारियों ने गोहद में किया कार्यक्रम की जानकारी देते हुए इकाई अध्यक्ष विष्णु कुमार अग्रवाल सचिव रामकुमार गुप्ता, युवा इकाई अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता सक्रिय सदस्य दिलीप जैन, वीरेंद्र गुप्ता, विकास गुप्ता, पवन अग्रवाल, जुग्गी सोनी गिरीश गुप्ता, सुरेंद्र पोरवाल, पूर्व अध्यक्ष राकेश कुमार सिंघल, वैश्य इकाई गोहद ने बैठक में यह निर्णय भी लिया कि इस वर्ष समाज के पांच परिवारों को एकत्रित कर एकजुटता भाईचारा एवं उनकी सहायता समाज में समन्वय स्थापित करने का काम भी इकाई द्वारा किया जाएगा

### पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष हिना कावरे का जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्रसिंह कल्लू ने किया जोरदार स्वागत



भिण्ड। पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं लांची विधायक का रविवार को भिंड आगमन हुआ इस बीच ग्वालियर से भिंड तक कई जगह माला पहनाकर स्वागत हुआ इतना ही नहीं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्रसिंह कल्लू भारौली व कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं ने शहर के गिर्राज बुटिक बीटीआई तिराहा पर हिना कांवरे जी का माला पहनाकर व शॉल-श्रीफल से उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता बृजेन्द्रसिंह के साथ अरविन्द्रसिंह मंजू, नारायण सिंह भारौली, चन्द्रभानसिंह, रमेशसिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### नाली साफ करने को लेकर हुआ झगड़ा

भिण्ड। रौन थाना क्षेत्र के बगियापुरा में नाली साफ करने को लेकर एक महिला के साथ दो लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपीगणों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह 9 बजे विद्यावती पत्नी स्व. किशुनलाल दौहरे निवासी वगियापुरा के साथ नाली साफ करने के ऊपर उसी मोहल्ला निवासी जनकसिंह दौहरे, राजा भैया दौहरे ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### सट्टे की पर्ची लिखते हुए दो युवक गिरफ्तार

भिण्ड। गोरमी थाना क्षेत्र के ग्राम कचनाव खुर्द एवं वार्ड क्र.3 में अलग-अलग दो युवक सट्टे की पर्ची लिख रहे थे, सूचना मिलते ही दोनों को दबोचकर पुलिस ने हिरासत में लिया और उनके पास से सट्टे की पर्ची व नगदी जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार रात 9.30 बजे विश्वनाथ शर्मा पुत्र बनवारी लाल शर्मा निवासी कचनाव खुर्द जो घ के बाहर सट्टे की पर्ची लिख रहा था, सूचना मिलते ही दबोचकर हिरासत में लिया और उसके पास से सट्टे की पर्ची व 1 हजार 60 रुपये जब्त किये। इसी तरह दूसरी जगह तेजराम कुशवाह पुत्र नारायण सिंह कुशवाह निवासी वार्ड क्र.3 जो मकान के सामने सट्टे की पर्ची लिखते हुए धर लिया और उसके पास से एक पर्ची व 1 हजार 420 रुपये नगदी जब्त की। पुलिस ने आरोपीगणों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### एक युवक पर एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज

भिण्ड। बरोही थाना क्षेत्र के ग्राम रैपुरा में किसी बात को लेकर एक दलित युवक के साथ मारपीट करते हुए जाति सूचक गालियों से एक युवक ने अपमानित किया तो उनसे थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने मामले की जांच उपरांत आरोपी पर एससी/एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार गोलू पुत्र लक्ष्मीनारायण शाक्य निवासी ग्राम रैपुरा ने बताया शुक्रवार शाम 8.30 बजे निवासी गांव निवासी आरोपी कुमेश नरवरिया ने उसके साथ जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामले की जांच उपरांत अपराध दर्ज कर लिया है।

### कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु कुछ कदम

भिण्ड। मास्क अनिवार्य रूप से पहनें कोरोना संक्रमण से बचने एवं प्रसार रोकने मास्क सबसे महत्वपूर्ण है। मास्क नहीं तो एंट्री नहींए मास्क नहीं तो बात नहीं जैसे कदमों का उपयोग करें एवं अपने आसपास भी मास्क पहनने जागरुकता लायें।

# कलेक्टर ने मेला रोड, राजहोली, विजय नगर, रघुनाथ नगर, वायपास रोड सड़क एवं नाला निर्माण का किया औचक निरीक्षण



भिण्ड। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने मेला रोड स्थित सडक निर्माणाधीन का निरीक्षण कर गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने राजहोली शमशान रोड पर निर्माणाधीन नाले के कार्य का जायजा लेते हुए निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय अवधि में पूरा करने के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिये।कलेक्टर ने वायपास रोड एमजेएस कॉलेज के पास निर्माणाधीन सीसी नाले के कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्ता को देखा। उन्होंने इस दौरान सड़क निर्माण की प्रगति की जानकारी मौके पर उपस्थित अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार से ली। उन्होंने निर्माण कार्य पूरा करने की समय सीमा की भी जानकारी अधिकारियों से ली। साथ ही निर्माण कार्य में लगाए गए टीम और तकनीकी अमलों के बारे में भी जानकारी उपस्थित अधिकारियों से ली। उन्होंने उन्होंने निर्माण के लिए उपयोग में लाए जा रहे सामग्रियों की गुणवत्ता आदि के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य पूरा करने कहा जिससे कि शहरवासियों के लिये यह उपयोगी साबित हो सके।

कलेक्टर ने वार्ड क्रमांक 22 विजय नगर एवं वार्ड क्रमांक 25 रघुनाथ नगर में नवनिर्मित सीसी रोड का निरीक्षण कर गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। साथ ही नवनिर्मित रोड पर नाली सफाई हेतु बने कटिंग चेंबर पर जाली लगाने के निर्देश मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर नगर पालिका का अमला एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# शराब की काली कमाई से बनाया गया मकान प्रशासन ने किया ध्वस्त



## आरोपी धर्मवीर का निर्माणाधीन मकान तोड़ा

भिण्ड। जहरीली शराब कांड में हुई चार लोगों के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें से आरोपी धर्मवीरसिंह बघेल अवैध शराब के कारोबार से शहर के स्वतंत्र नगर में मकान बनाया जा रहा था, जिसकी पुलिस प्रशासन ने जांच पड़ताल की तो उसमें किसी तरह के वैध दस्तावेज नहीं मिली बिना एनओसी सहित अन्य कागजात के बिना ही अवैध शराब की कमाई से मकान का निर्माण कराया जा रहा था। पुलिस ने रविवार दोपहर जाकर पुलिस फोर्स के साथ जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे और निर्माणाधीन मकान को जमीदोज कर दिया। इस अवसर पर देहात पुलिस सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

# अभियोजन द्वारा किया गया कार्यशाला का आयोजन



भिण्ड। लोक अभियोजन संचालनालय मप्र भोपाल के मार्गदर्शन में जिला दण्डाधिकारी भिण्ड एवं पुलिस अधीक्षक भिण्ड की उपस्थिति में होटर किंग्स इम्पीरियलए ग्वालियर रोड भिण्ड में चंबल संभाग की लोक अभियोजन अधिकारियों संभागीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में चंबल संभाग अंतर्गत जिला मुरैना एवं भिण्ड के लोक अभियोजन अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यशाला का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यशाला में चार सत्रों में आयोजित की गई। प्रथम सत्र में जिला वैज्ञानिक अधिकारी श्री धर्मवीर कपूर द्वारा डीएनए एप्लीकेशन फॉरेंसिक लॉ विषय पर व्याख्यान दिया गया।

द्वितीय सत्र में डॉ. देवेश शर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी भिण्ड द्वारा बेसिक ऑरियंटेशन ऑफ एमएलसी एण्ड पीएम विषय पर व्याख्यान दिया गया। तृतीय सत्र में डिप्टी एडवोकेट जनरल राजेश शुक्ला द्वारा अभियोजन का प्रभावी संचालन के विषय पर व्याख्यान दिया गया। चतुर्थ सत्र में सेवानिवृत्त अति0 जिला लोक अभियोजन अधिकारी बीएल शर्मा द्वारा पॉक्सो एक्ट में अनुसंधान एवं विचारण विषय पर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया गया। कार्यशाला के अंत में माननीय जिला दण्डाधिकारी डॉ. सतीश कुमार एसण् एवं पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चैहान द्वारा अपना उदबोधन दिया गया। समापन सत्र के दौरान जिला दण्डाधिकारी भिण्ड द्वारा उपस्थिति प्रतिभागियों को कार्यशाला एवं उपस्थिति एवं सहभागिता के प्रमाण स्वरूप प्रमाण-पत्र प्रदाय किए गए।

# डीवाईएफआई ने मनाया सुभाष चन्द्र बोस का जन्म दिन



गोहद। गोहद की भारत की जनवादी नौजवान सभा (डीबाईएफआई) ने मनाया सुभाषचंद्र बोस का 125 वा जन्मदिन मनाया गया, इस मौके पर भारत की जनवादी नौजवान सभा के राज्य महासचिव भूपेंद्र सिंह गुर्जर ने नेताजी सुभाष चंद्रबोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 23 जनवरी 1897 का दिन विश्व इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। इस दिन स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक सुभाषचंद्र बोस का जन्म कटक के प्रसिद्ध वकील जानकीनाथ तथा प्रभावतीदेवी के यहां हुआ। उनके पिता ने अंगरेजों के दमनचक्र के विरोध में श्रायबहादुरश् की उपाधि लौटा दी। इससे सुभाष के मन में अंगरेजों के प्रति कटुता ने घर कर लिया। अब सुभाष अंगरेजों को भारत से खदेडने व भारत को स्वतंत्र कराने का आत्मसंकल्प लेए चल पडे राष्ट्रकर्म की राह पर। आईसीएस की परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद सुभाष ने आईसीएस से इस्तीफा दिया। इस बात पर उनके पिता ने उनका मनोबल बडाते हुए कहा जब तुमने देशसेवा का व्रत ले ही लिया है, तो कभी इस पथ से विचलित मत होना। इस अवसर पर साबिर खान, रशीद खान, भूपेंद्र गुर्जर, फरमान खान, हरिशंकर माहौर, रहमान खान, सौरव गुर्जर, राहुल प्रजापति, कमलेश प्रजापति, अशफाक उल्ला खान, वारिस खान, जगमन, होतम प्रजापति, सतीश प्रजापति, आस मोहम्मद, पप्पू खान, मोहन यादव, दयाल प्रजापति, रामराज माहौर इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## जान और जहान

ऐसे वक्त में जब कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर में संक्रमितों का आंकड़ा ढाई लाख पार कर गया है, प्रधानमंत्री का विभिन्न मुख्यमंत्रियों के साथ महामारी से लड़ाई के लिये बैठक करना तार्किक नजर आता है। एक सप्ताह में यह प्रधानमंत्री की दूसरी बैठक थी, जिसमें कहा गया कि संक्रमण से बचाव हेतु प्रतिबंधों व उपायों को लागू करते वक्त ध्यान रहे कि स्थानीय स्तर पर लोगों की जीविका पर प्रतिकूल असर न पड़े। स्मरण रहे कि पहली लहर के दौरान लगे सख्त लॉकडाउन से नयी तरह का मानवीय संकट पैदा हुआ था। देश ने विभाजन के बाद पलायन की सबसे बड़ी त्रासदी को देखा। अब तक भी आर्थिक दृष्टि से स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो पायी है। तीसरी लहर के दौरान राज्य सरकारों को स्थानीय प्रशासन को निर्देश देने होंगे कि संक्रमण की कड़ी तोड़ने के लिये एहतियाती उपाय जरूरी हैं, लेकिन जान के साथ जहान की रक्षा भी जरूरी है। देर-सवेर संक्रमण का दायरा सिमटेगा, लेकिन अर्थव्यवस्था को लगी चोट से उबरने में लंबा वक्त लग सकता है। मगर नये संक्रमण को लेकर जैसी दुविधा शासन-प्रशासन के सामने है, वैसी ही दुविधा देश की श्रमशील आबादी के सामने है। हालांकि, केंद्र व राज्य सरकारें आश्वासन दे रही हैं कि पूरा व सख्त लॉकडाउन नहीं लगाया जायेगा, लेकिन दूध का जला छाछ भी फूंक-फूंक कर पीता है। पहली लहर की सख्त बंदिशों से महानगरों में श्रमिकों की त्रासदी की कसक अभी मिटी नहीं है। यही वजह है कि देश के कई राज्यों से श्रमिकों के पलायन की खबरें मीडिया में तैरती रही हैं। जाहिर है असुरक्षा बोध को दूर करने का आश्वासन उन उद्योगों की तरफ से श्रमिकों को नहीं मिल पाया, जहां वे काम करते हैं। ऐसे संकट के दौर में उद्योग व श्रमिकों के रिश्ते महज आर्थिक आधार पर न देखे जायें और उन्हें मानवीय संकट के संदर्भ में देखकर ऐसे आश्वासन दिये जाएं कि वे ऊहापोह की स्थिति से निकल सकें। निस्संदेह, कोरोना की तीसरी लहर ने देश के सामने नये सिरे से बड़ी चुनौती पैदा की है, अच्छी बात यह है कि तेज संक्रमण के बावजूद अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या में कमी आई है। निस्संदेह, इसके मूल में देश में चला सफल टीकाकरण अभियान भी है। आंकड़े बता रहे हैं कि मरने व अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों में बड़ी संख्या उन लोगों की है जिन्होंने वैक्सीन नहीं लगवाई थी। अब वे लोग भी टीका लगवा रहे हैं, जिन्होंने पहले इसकी अनदेखी की। सुखद है कि देश की पंद्रह से 18 साल तक की किशोर आबादी का टीकाकरण शुरू हो गया है और किशोरों ने उत्साह के साथ टीकाकरण अभियान में भागीदारी की है। इसके बावजूद जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि टेस्टिंग, ट्रैकिंग और ट्रीटमेंट की व्यवस्था जितनी बेहतर होगी, लोगों को अस्पताल में भर्ती करवाने की जरूरत उतनी ही कम पड़ेगी। उन्होंने अधिक संक्रमण वाले इलाकों में निषेध क्षेत्र घोषित करने तथा घरों में पृथकवास पर जोर दिया। दरअसल, जब से विशेषज्ञों ने कहा कि नया वेरिएंट कम घातक है, तो लोग इस संकट को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। भीड़भाड़ वाले इलाकों में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन न करने की खबरें हैं। पूरी दुनिया कह रही है कि मास्क, सुरक्षित दूरी और बार-बार हाथ धोने से बचाव संभव है। विडंबना ही है कि जब तक प्रशासन सख्ती नहीं करता, हम नियम-कानूनों का पालन स्वेच्छा से नहीं करते। जबकि हमने पहली व दूसरी लहर में बड़ी कीमत चुकायी है। एक संकट यह भी है कि देश में बड़ी आबादी ऐसी है जो खांसी-जुकाम को सामान्य फ्लू मानकर जांच करने से बचती है। फिर गांव-देहात में कोरोना जांच की पर्याप्त चिकित्सा सुविधा न होने की बात कही जाती है।

# पत्रकारों के सवालों से 'लाजवाब' होते यह 'रणछोड़'

**निर्मल रानी**

हमारे देश में मीडिया व पत्रकारिता का स्तर इतना गिर चुका है कि गोदी मीडिया , दलाल मीडिया व चाटुकार मीडिया जैसे शब्द प्रचलन में आ गये हैं। दुर्भाग्यवश सत्ता प्रतिष्ठान को दंडवत करने तथा सत्ता के एजेंडे को प्रसारित करने वाले पत्रकारों को भी दलाल,चाटुकार व बिकाऊ पत्रकारों जैसी उपाधियों से नवाज़ा जा चुका है। कहना ग़लत नहीं होगा कि मुख्य धारा के अधिकांश मीडिया घराने तथा इससे जुड़े पत्रकार, पत्रकारिता जैसे ज़िम्मेदाराना पेशे की मान मर्यादा व कर्तव्यों का पालन करने के विपरीत चाटुकारिता,धनार्जन तथा सत्ता के समक्ष नत मस्तक होने को ही पत्रकारिता मान बैठे हैं। परन्तु आज भी देश में बी बी सी व एन डी टी वी जैसे कुछ गिने चुने मीडिया संस्थान,अनेक सोशल मीडिया साइट्स तथा इन्हीं से जुड़े कुछ पत्रकार ऐसे भी हैं जो वास्तविक पत्रकारिता की लाज बचाए हुए हैं। और जब ऐसा ही कोई सच्चा पत्रकार किसी भी राजनेता या धर्मगुरु से कुछ ऐसे सवाल पूछ बैठता है जिसका जवाब देना आसान नहीं होता,अथवा जिन सवालों के जवाब यह देना नहीं चाहते,या फिर इनके सामने ऐसे सवाल रख दिये जाते हैं जिनसे यह इसलिये बचना चाहते हैं क्योंकि इनके पास उन सवालों के जवाब नहीं हैं,उस समय इनकी खीज व चिढ़ देखने लायक़ होती है। यह उस समय अपना माइक उतार फेंकते हैं,पत्रकार को अपमानित करते हैं,गाली गलौच व मारपीट पर उतर आते हैं। और भविष्य में ऐसे गुस्ताख़ पत्रकार को कभी कोई इंटरव्यू भी नहीं देते। देश के अनेक जाने माने पत्रकार इन दिनों अपने दलाल स्वामियों की ग़ुलामी करने के बजाये अपना यू ट्यूब चैनल चला कर न केवल अपने पेशे की लाज बचा रहे हैं बल्कि देश को वास्तविक पत्रकारिता के तेवरों से भी परिचित करा रहे हैं।

परन्तु इन परिस्थितियों में सवाल यह पैदा होता है कि आख़िर जो कथित धर्म गुरु या राजनेता देश व समाज को मार्ग दर्शन देने का दावा करते हैं,जिन्हें यह मुग़ालता रहता है कि वे जो भी करते या कहते हैं केवल वही शाश्वत सत्य है, उन्हीं के पास किसी भी कर्तव्यनिष्ठ पत्रकार के सवालों का माक़ूल जवाब आख़िर क्यों नहीं होता ? क्यों ऐसे लोग उन पत्रकारों को अपमानित करने लगते हैं यहाँ तक कि हिंसा पर उतारू हो जाते हैं ? पिछले दिनों ग़ाज़ियाबाद के डासना स्थित मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद ने बी बी सी की टीम को एक पूर्व निर्धारित इंटरव्यू दिया। महंत यति नरसिंहानंद का नाम मीडिया के द्वारा पहली बार तब प्रचारित किया गया था जब डासना स्थित उनके मंदिर के बाहर लगे एक प्याऊ पर गत वर्ष 11 मार्च को पानी पीने के कारण एक मुसलमान परिवार के आसिफ़ नामक बच्चे को बुरी तरह से पीटा गया था तथा उसका वीडियो वायरल किया गया था। इस घटना के बाद महंत ने कहा था कि उन्हें इस घटना पर कोई अफ़सोस नहीं है। यही महंत इन दिनों मुसलमानों के विरुद्ध सार्वजनिक रूप से ज़हर उगलते फिर रहे हैं। इन्होंने भारतीय मुसलमानों के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष छेड़ने का आह्वान कर भारत की पूरी दुनिया में काफ़ी बदनामी भी की है।



पिछले दिनों बीबीसी की टीम यति नरसिंहानंद की सहमति से उनसे समय तय करने के बाद हरिद्वार के सर्वानंद घाट पर उनका साक्षात्कार करने पहुँची। बीबीसी संवाददाता ने जब उनसे हरिद्वार में गत दिनों आयोजित धर्म संसद में मुसलमानों के ख़िलाफ़ नफ़रत भरी टिप्पणी करने से जुड़े विषय के बारे में पूछा गया तो वे भड़क उठे। उन्होंने अपने कोट में लगा माइक उतारकर फेंक दिया और ऊँची आवाज़ में अपशब्द बोलने लगे। मौक़े पर मौजूद यति नरसिंहानंद के समर्थकों ने बीबीसी पत्रकार व उनकी टीम के साथ मार पीट,गाली-गलौच और धक्का-मुक्की की। उन्होंने धमकियाँ दीं और पूरी टीम को काफ़ी देर तक जबरन रोके रखा। बी बी सी पत्रकार सहित इंटरव्यू लेने पहुंची पूरी टीम की तलाशी ली गई और उन्हें धमकाया गया कि वीडियो प्रसारित नहीं होना चाहिए। इस घटना के बाद बीबीसी ने यति नरसिंहानंद व उनके सहयोगियों के विरुद्ध पुलिस में 341 (ग़ैर-कानूनी तरीक़े से बलपूर्वक रोकना), 352 (बिना उकसावे के हमला), 504 (अपमान, गाली-गलौज, शांति भंग) और 506 (धमकी देना) जैसी अपराधिक धाराओं के अंतर्गत शिकायत दर्ज की गई। अब ज़रा इनके चरित्र इनकी बोल वाणी,इनकी भाषा इनके इरादों तथा देश की सामाजिक एकता के ताने बाने को छिन्न भिन्न करने के इनके इरादों पर ग़ौर कीजिये और उसी समय इस जैसे व्यक्ति व इसके साथियों की एक ज़िम्मेदार मीडिया संस्थान की टीम के साथ हिंसक बर्ताव करने के हौसले को भी देखिये तो साफ़ पता चलेगा कि इसके पास पत्रकार द्वारा पूछे गये सवाल का जवाब ही नहीं था।

अभी कुछ दिनों पूर्व उत्तर प्रदेश के एक उप मुख्य मंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी बी बी सी पत्रकार को कुछ इसी अंदाज़ में अपमानित किया था। वहां भी हरिद्वार में आयोजित कथित धर्म संसद से जुड़े सवाल किये गये थे जिसे सुनकर केशव प्रसाद मौर्य असहज हो गये और झुंझलाहट में उन्होंने भी पत्रकार को बुरा भला कहते हुये अपने गले में पड़ा माइक उतार फेंका। इससे पूर्व 2007 में प्रसिद्ध पत्रकार करन थापर ने नरेंद्र मोदी का गुजरात के मुख्य मंत्री रहते हुए साक्षात्कार किया था। उस समय गुजरात में 2002 में भड़की मुस्लिम विरोधी हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट की एक टिप्पणी का ज़िक्र जैसे ही करन थापर ने किया उसी समय नरेंद्र मोदी असहज हो गये उन्होंने पानी मांगते हुए अपने गले में पड़ा माइक निकाल दिया और इंटरव्यू बीच में ही छोड़ दिया। बी बी सी की नवदीप धारीवाल और कभी एन डी टी वी के लिये काम कर चुके वरिष्ठ पत्रकार विजय त्रिवेदी के भी नरेंद्र मोदी के साथ साक्षात्कार के समय के लगभग ऐसे ही अनुभव हैं। शायद वास्तविक पत्रकारों द्वारा पूछे जाने वाले तीखे सवालों से बचने के लिये ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद आजतक किसी तरह का संवाददाता सम्मलेन नहीं बुलाया। और यदि पत्रकारों के रूप में एक दो स्थापित किये गये विशेष लोगों ने प्रधानमंत्री से इंटरव्यू किया भी तो उनके सवालों का स्तर भी देश दुनिया ने ग़ौर से देखा कि -आप आम चूस के खाते हैं या काट कर? आप में यह फ़क़ीरी कहाँ से आती है वग़ैरह वग़ैरह। सवाल यह है स्वयं को धर्म व देश का नेता बताने व स्वयं को रणजीत बताने वाले इसतरह के लोग वास्तविक पत्रकारों के सवालों से लाजवाब होकर आख़िर रणछोड़ क्यों बन जाते हैं ?

## जो हो रहा है उसके जिम्मेदार हम स्वंय हैं

हम मनुष्यों की एक सामान्य सी आदत है कि दुख की घड़ी में विचलित हो उठते हैं और परिस्थितियों का कसूरवार भगवान को मान लेते हैं। भगवान को कोसते रहते हैं कि %हे भगवान हमने आपका क्या बिगाड़ा जो हमें यह दिन देखना पड़ रहा है।% गीता में श्री कृष्ण ने कहा है कि जीव बार-बार अपने कर्मों के अनुसार अलग-अलग योनी और शरीर प्राप्त करता है। यह सिलसिला तब तक चलता है जब तक जीवात्मा परमात्मा से साक्षात्कार नहीं कर लेता। इसलिए जो कुछ भी संसार में होता है या व्यक्ति के साथ घटित होता है उसका जिम्मेदार जीव खुद होता है। संसार में कुछ भी अपने आप नहीं होता है। हमें जो कुछ भी प्राप्त होता है वह कर्मों का फल है। इश्वर तो कमल के फूल के समान है जो संसार में होते हुए भी संसार में लिप्त नहीं होता है। ईश्वर न तो किसी को दुख देता है और न सुख। इस संदर्भ में एक कथा प्रस्तुत है? गौतमी नामक एक वृद्धा ब्राह्मणी थी। जिसका एक मात्र सहारा उसका पुत्र था। ब्राह्मणी अपने पुत्र से अत्यंत स्नेह करती थी। एक दिन एक सर्प ने ब्राह्मणी के पुत्र को डंस लिया। पुत्र की मृत्यु से ब्रह्मणी व्याकुल होकर विलाप करने लगी। पुत्र को डंसने वाले सांप के ऊपर उसे बहुत प्रोध आ रहा था। सर्प को सजा देने के लिए ब्राह्मणी ने एक सपेरे को बुलाया। सपेरे ने सांप को पकड़ कर ब्राह्मणी के सामने लाकर कहा कि इसी सांप ने तुम्हारे पुत्र को डंसा है, इसे मार दो। ब्राह्मणी ने संपरे से कहा कि इसे मारने से मेरा पुत्र जीवित नहीं होगा। सांप को तुम्ही ले जाओ और जो उचित समझो सो करो। संपेरा सांप को जंगल में ले आया। सांप को मारने के लिए संपेरे ने जैसे ही पत्थर उठाया, सांप ने कहा

# सऊदी में तनाव

**सिद्धार्थ शंकर**

सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन ने यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गठबंधन के फाइटर जेट्स ने मंगलवार आधी रात को यमन की राजधानी सना में हूती केंद्रों पर बम बरसाए। इन विद्रोहियों ने सोमवार को संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबुधाबी पर ड्रोन अटैक किया था। अबुधाबी के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और तेल डिपो के पास किए गए हमले में 2 भारतीयों समेत 3 लोगों की मौत हो गई। सऊदी की अगुआई वाली गठबंधन सेना और हूती विद्रोहियों के बीच लंबे वक्त से संघर्ष जारी है। इस संघर्ष की शुरुआत 2015 में हूती विद्रोहियों के यमन की राजधानी सना पर कब्जा के बाद हुई थी। सऊदी गठबंधन सेना ने इसी साल इनके खिलाफ सैन्य कार्रवाई की थी। इसके बाद विद्रोहियों और अरब देशों में वार-पलटवार शुरू हो गया। इस संगठन ने यूएई पर आगे भी हमले जारी रखने की चेतावनी जारी की है। ऐसे में दुनियाभर की नजरें इस कट्टरपंथी संगठन पर टिक गई हैं। हूती आंदोलन मुख्य रूप से जैदी शिया बल है, जिसका नेतृत्व बड़े पैमाने पर हूती जनजाति करती है। यह यमन के उत्तरी क्षेत्र में शिया मुस्लिमों का सबसे बड़ा आदिवासी संगठन है। हूती उत्तरी यमन में सुन्नी इस्लाम की सलाफी विचारधारा के विस्तार के विरोध में हैं। हूतियों का यमन के सुन्नी मुसलमानों के साथ खराब संबंध का इतिहास रहा है। इस आंदोलन ने सुन्नियों के साथ भेदभाव किया, लेकिन साथ ही उन्हें भर्ती भी किया है और उनके साथ गठबंधन भी किया है। हुसैन बद्रेद्दीन अल-हूती के नेतृत्व में, समूह यमनी के पूर्व राष्ट्रपति अली अब्दुल्ला सालेह के विरोध के रूप में उभरा था, जिस पर उन्होंने बड़े पैमाने पर वित्तीय भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और सऊदी अरब और अमेरिका द्वारा समर्थित होने की आलोचना की। 2000 के दशक में विद्रोही सेना बनने के बाद हूतियों ने 2004 से 2010 तक यमन के राष्ट्रपति सालेह की सेना से छह बार युद्ध किया। साल 2011 में अरब देशों (सऊदी अरब, यूएई, बहरीन और अन्य) के हस्तक्षेप के बाद यह युद्ध शांत हुआ। हालांकि तानाशाह सालेह को देश की जनता के प्रदर्शनों के चलते पद छोडऩा पड़ा। इसके बाद अब्दरब्बू मंसूर हादी यमन के नए राष्ट्रपति बने। उम्मीदों के बावजूद हूती उनसे भी खुश नहीं हुए और फिर से विद्रोह छोड़ दिया और उन्हें राष्ट्रपति पद से हटाकर राजधानी सना को अपने कब्जे में ले लिया। हूतियों का उदय 1980 के दशक में यमन में हुआ। यह यमन के उत्तरी क्षेत्र में शिया मुस्लिमों का सबसे बड़ा आदिवासी संगठन है। हूती उत्तरी यमन में सुन्नी इस्लाम की सलाफी विचारधारा के विस्तार के विरोध में हैं। 2011 से पहले जब यमन में सुन्नी नेता अब्दुल्ला सालेह की सरकार थी, तब शियाओं के दमन की कई घटनाएं सामने आईं। ऐसे में शियाओं में सुन्नी समुदाय के तानाशाह नेता के खिलाफ गुस्सा भड़क उठा। उन्होंने देखा कि अब्दुल्ला सालेह की आर्थिक नीतियों की वजह से उत्तरी क्षेत्र में असमानता बढ़ी है। वे इस आर्थिक असमानता से नाराज थे। 2000 के दशक में विद्रोही सेना बनने के बाद हूतियों ने 2004 से 2010 तक सालेह की सेना से छह बार युद्ध किया। साल 2011 में अरब देशों (सऊदी अरब, यूएई, बहरीन और अन्य) के हस्तक्षेप के बाद यह युद्ध शांत हुआ। देश में शांति के लिए बातचीत जारी ही थी कि तानाशाह सालेह को देश की जनता के प्रदर्शनों के चलते पद छोडऩा पड़ा। इस दौरान अब्दरब्बू मंसूर हादी यमन के नए राष्ट्रपति बने। देश की जनता ने हादी से सुधारों को लेकर काफी उम्मीदें जताई थीं। लेकिन देश में जिहादियों के बढ़ते हमले, दक्षिणी यमन में अलगाववादी आंदोलन, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और सेना का पूर्व राष्ट्रपति सालेह को समर्थन हादी के लिए समस्या बना रहा। आखिरकार जब हूतियों को अपनी समस्याओं का हल होता नहीं दिखा, तो उन्होंने हादी को भी सत्ता से बेदखल कर दिया और राजधानी सना को अपने कब्जे में ले लिया। शिया समुदाय से आने वाले हूतियों की यमन में इसी बढ़ती ताकत से सुन्नी बहुल सऊदी अरब और यूएई में घबराहट बढ़ गई। उन्होंने अमेरिका और ब्रिटेन की मदद से हूतियों के खिलाफ हवाई और जमीनी हमले करने शुरू कर दिए और सत्ता से बेदखल हुए हादी का समर्थन किया।



# किसान आन्दोलन ने, किसानों को सभी सरकारों को, समझने की काबिलियत विकसित की।

### सूडोकु नवताल- 5962

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5961 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

**एड. आराधना भार्गव**

महाकौशल क्षेत्र में खरीब सीजन की मुख्य फसल मक्का है, मक्के का समर्थन मूल्य 1870/- प्रति क्विंटल की घोषणा तो अवश्य की किन्तु 800/- रूपये क्विंटल से लेकर 1400/- रूपये क्विंटल से अधिक पर किसान का मक्का नही बिक सका। खेत और खलिहान खाली कर रवि की फसल की तैयारी तथा साहूकार का कर्जा पटाने के कारण किसान को अपनी फसल ओने-पोने दाम पर बेचने पर मजबूर होना पड़ता है। जब किसान के पास से मक्का व्यापारी के पास पहुँच गया तो भाव 2000/- रूपये प्रति क्विंटल पर पहुँच गये। अतिवृष्टि और ओलावृष्टि के कारण किसान की रवि की फसल तथा सब्जी को भारी नुकसान पहुँचा है, जिस समय किसान की फसल नष्ट होती है सरकार किसानों की सान्तवना के लिए सिर्फ यह कहकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर देती है कि वह किसान के साथ खाड़ी है, पर अगर हम धरातल पर देखें तो सरकार किसान के साथ नही बल्कि किसानों को ठगने वाली कम्पनीयों के साथ खड़ी दिखाई दे रही है। फसल खराब हो जाने के कारण क्षेत्र में किसानों के साथ साथ मजदूर वर्ग भी भुखमरी की चपेट में आ जाता है। अतिवर्षा, ओलावृष्टि या सूखे के कारण किसान की फसल नष्ट होती है तो गलत सरकारी आंकड़े पटवारी के माध्यम से सरकार तक भेजे जाते है उसी समय विभिन्न वित्तीय संस्थाओं द्वारा कड़ाई से ऋण वसूल की कार्यवाही भी शुरू हो जाती है। बिजली विभाग, बिजली का बिल ना पटाने के कारण किसानों की मोटर जप्त कर लेते है परिणाम स्वरूप किसानों की आर्थिक रूप से कमर टूट जाती है। बीजों के मूल्य के साथ उन बीजों से उत्पन्न होने वाली फसलों की बीमें की प्रीमियम की राशि भी सरकार द्वारा ले ली जाती है, फसल बीमा के नाम पर सरकार 1982 से प्रीमियम की राशि काट रही है किन्तु फसल बीमा के नाम पर किसानों को 1 रूपये और 2 रूपये चैक की राशि किसान को देकर किसान का अपमान करने का काम सरकार द्वारा किया जाता रहा है, इस राशि को प्राप्त करने के लिए भी किसानों को घण्टों बैंक की लाईन में खड़े रहना पड़ता है। 75 सालों में कोई भी सरकार किसान के पक्ष में काम करती दिखाई नही दे रही है। फसलों के खराब हो जाने के कारण जहाँ किसान बिलकुल खाली हाथ हो गया है वहीं मजदूर वर्ग भी बेरोजगार हो गया है। खाली किसान एवं मजदूर वर्ग स्वभाविक रूप से किसान आन्दोलन की ओर आकृषित हो रहा है। तीन किसान विरोधी कानून रद्द करने के पश्चात् केन्द्र सरकार ने किसानों पर किसान आन्दोलन के दौरान लादे गये फर्जी मुकदमें वापस लेने तथा सभी कृषि उत्पाद की समर्थन मूल्य पर खरीदी का कानून बनाने की बात कही थी, किन्तु सरकार अपने वादे से मुकर गई, इसलिए किसान 31 जनवरी को सरकार के खिलाफ धिक्कार दिवस मनाने पर मजबूर है।

सन् 1997 में किसानों की फसलें अतिवृष्टि और ओलावृष्टि के कारण खराब हुई, सोयाबीन की फसल गेरूआ रोग के कारण पूर्णतः नष्ट हो चुकी थी, किसान के पास अपने बच्चों को खिलाने के लिए अनाज नही था जानवर भूख से तड़फ तड़फ कर मर रहे थे उपर से बिजली विभाग, बैंक एवं सोसाईटी कर्ज की वसूली के लिए किसानों को नोटिस भेज रहे थे। किसानों ने सरकार के खिलाफ आन्दोलन का रूख अपनाया, आन्दोलन का केन्द्र बिन्दु मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में स्थित मुलताई क्षेत्र रहा, जिसमें सबसे पहले फसल बीमा की राशि की मांग की, किसान अपनी नष्ट हुई फसल का मुआवजा मांगने के लिए 12 जनवरी 1998 को तहसील परिसर मुलताई में एकत्रित हुए, सरकार ने चैबिस किसानों को गोली से भूंज डाला, 150 किसान घायल हुए, 250 किसानों पर एक ही घटना के 67 मुकदमें लादे गये और 4 आन्दोलनकारियों को झूठे मुकदमें में झूठी गवाही दिलवाकर किसानों का नेतृत्व करने के आधार पर आजीवन कारावास की सजा देकर आन्दोलनकारियों एवं किसानों को डराने का प्रयास किया गया। जब जब किसान ने अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए आवाज बुलंद की सरकार ने किसानों पर गोलीचालन करके उन्हें डराने का प्रयास किया चाहे मन्दसौर की बात हो या बरेली की किन्तु किसान आन्दोलन की आग अंदर ही अंदर सुलगती चली गई। दिल्ली की सीमा पर बैठे किसानों ने केन्द्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अब बहुत हो गया किसानों की अन्देखी का सवाल। अबकी बार किसान सरकार को झुका कर ही माने और तीन किसान विरोधी कानून रद्द करने पर सरकार को मजबूर किया। किसान का आन्दोलन समाप्त नही हुआ है आन्दोलन अलग अलग स्टेप में चलता है।

## राष्ट्रीय बेटी दिवस की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं बेटियां



मां बाप का मान बढ़ाती बेटियां
हर दिल का अरमान होती बेटियां
हर घर की शान होती है बेटियां
रोशन करती दो-दो कुल को बेटियां

कोयल सी कूक बन चहकती बेटियां
फूलों सी खुशबु बन महकती बेटियां
हर स्पन्दन को महसूस करती बेटियां
पिता का हौसला बढ़ाती है बेटियां

तारों की छाँव में पनपती है बेटियां
मां बाप के संस्कारों की धरोहर है बेटियां
मां की ममता की छांव होती है बेटियां
ईश्वर का एक वरदान होती है बेटियां

अपनी किस्मत लेकर आती है बेटियां
नहीं होती वो चिंता किसी की
सब की चिंता करते - करते वो
खुद को भी भूल जाती है बेटियां

छुट न जाऐ दामन अपनों का
हर आहट पर डर जाती हैं बेटियां
मां की लाड़ली भाई की नटखट
पापा की जान कहलाती हैं बेटियां

**सरिता जैन, मुरैना**

# गणतंत्र दिवस समारोह पूर्ण भव्यता एवं गरिमामय तरीके से मनाया जायेगाः कार्तिकेयन

### सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होगें, गणतंत्र दिवस समारोह में कोविड नियमों का पालन करना होगा

**मुरैना।** जिले में गणतंत्र दिवस गरिमा पूर्ण ढंग से भव्य समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित होगा, जहां प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा और संयुक्त परेड की सलामी ली जायेगी। गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर बी. कार्तिकेयन ने बताया कि इस बार गणतंत्र दिवस के समारोह के कार्यक्रम में बच्चों को शामिल नहीं किया जायेगा, बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के सम्बन्ध में विस्तार से अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होगे एवं कोविड नियमों का पालन भी करना होगा।



कलेक्टर श्री कार्तिकेयन ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में ध्वजारोहण के पश्चात् मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जायेगा। इसके पश्चात एस.ए.एफ, डीएफ, नगर सेना और वन रक्षक द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट किया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक निर्धारित कार्यक्रम सम्पन्न होंगे, इसमें गणमान्य व्यक्तियों के अलावा स्वतंत्रता संग्राम सैनानी, सभी जिला अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेगें। मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जावेगा, तत्पश्चात राष्ट्रीय-गान, परेड द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी एवं मुख्य अतिथि द्वारा संदेश वाचन का होगा। लोक निर्माण विभाग एवं आयुक्त नगरपालिक निगम, मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कम्पनी के महाप्रबंधक यह सुनिश्चित करेगें कि कार्यक्रम स्थल, कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व सही स्थिति में तैयार हो जावे। परेड के लिए एक शील्ड रहेगी, जो परंपरागत वर्दीधारी परेडकर्ताओं के लिए होगी। परेड की फायनल रिहर्सल आज 24 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे होगी, जिसका निरीक्षण कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक मुरैना द्वारा किया जावेगा। कलेक्टर ने बताया कि कृषि, स्वास्थ्य, नगर निगम, शिक्षा, वन, आदिम जाति कल्याण, उद्यानिकी, उपसंचालक सामाजिक न्याय, पीएचई, जिला पंचायत और बेटनरी विभागों की झांकियां निकाली जायेंगी। झांकियां शासन की प्राथमिताओं संबधी नये-नये नवाचार पर आधारित रहेंगीं। उन्होंने कहा कि पूरे कार्यक्रम के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुरैना रहेंगे।

### पुरस्कार वितरण

समारोह के अंत में परेड को शील्ड दी जावेगी। झांकियों के पुरस्कार के लिये केवल प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय शील्ड दी जावेगी। इस प्रकार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्तर की कुल 04 शील्ड रखी जायेगी। सभी विभाग प्रमुख उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को पुरूस्कार दिलाने की सूची मय विवरण के 20 जनवरी 2022 तक प्रभारी अधिकारी, अपर कलेक्टर को सूची उपलब्ध करायेंगे। इसके उपरांत विचार नहीं किया जायेगा।

### शासकीय भवन व स्मारकों पर होगी रोशनी की व्यवस्था

25 जनवरी को गणतंत्र दिवस के एक दिन पूर्व सायंकाल जिले में स्थित मुख्य शासकीय भवनों एव राष्टीय महत्व की स्मारकों पर रोशनी की व्यवस्था की जाये। यह व्यय संबंधित प्रशासकीय विभाग अपने विभागीय बजट से वहन करेंगे।

## संयुक्त कर्मचारी संगठन की बैठक संपन्न

**मुरैना।** रविवार को जिला मुरैना के सभी कर्मचारी संगठनों की एक अति आवश्यक बैठक चंबल कॉलोनी प्रांगण में की गई, जिसमें मुरैना जिले के लिए कर्मचारी संगठनों ने मिलकर सर्वसम्मति से संयुक्त मोर्चा का निर्माण किया, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए राजेश शर्मा का चयन किया गया। इस अवसर पर सभी संगठनों के अध्यक्षों ने श्री शर्मा के नेतृत्व में एकजुट होकर कर्मचारी हित में कार्य करने का निर्णय लिया। बैठक में मुरैना जिले में परामर्श धात्री समिति की बैठक आयोजित ना करने, 10 जनवरी 2022 को बैठक बुलाकर बिना कारण बताए निरस्त करने एवं कर्मचारी संगठनों से अभद्र व्यवहार करने के लिए जिला प्रशासन के तानाशाही व्यवहार का विरोध संबंधी चर्चा की गई। इसके अलावा केंद्र के समान मंहगाई भत्ता लागू करने संबंधी, पदनाम, क्रमोन्नति, पदोन्नति आदि समस्यायों पर चर्चा की गई। बैठक में समस्त संभागीय कार्यालय प्रारम्भ करवाने, पुरानी पैंशन लागू करवाने सम्बंधी चर्चा की गई।



## नगर मंडल पश्चिम की बूथ समिति, पन्ना प्रमुख विस्तार योजना बैठक संपन्न

**मुरैना।** भारतीय जनता पार्टी के पित्र पुरुष कुशाभाऊ ठाकरे का जन्म शताब्दी संगठन पर्व के रूप में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पश्चिम के शक्ति केंद्र15 के बूथ क्रमांक 61 पर बूथ विस्तार योजना के अंतर्गत बूथ समिति, पन्ना प्रमुख के विस्तार योजना पर संरचना तैयार की गई। जिसमें मुख्य रुप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष चंबल संभाग के प्रभारी उज्जैन से विधायक बहादुर सिंह चौहान, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ योगेश पाल गुप्ता, पार्टी के जिले के प्रभारी अभय चौधरी, जिला महामंत्री अरविंद सिकरवार, भावना जालौन, मंडल विस्तारक जिला मंत्री रामरूप तोमर, मंडल अध्यक्ष नितिन गुप्ता, संचालनकर्ता मंडल महामंत्री दिनेश शर्मा, शक्ति केंद्र प्रभारी मीना भदौरिया, गुड्डी राठौर, हरिओम राठौर, बूथ अध्यक्ष रामप्रकाश राठौर एवं अन्य कार्यकर्ता, बूथ समिति, पन्ना प्रमुख, बी एल 2 उपस्थित रहे।



## ट्रांसफर में लगी आग, दमकल कर्मचारियों ने पाया आग पर काबू, कोई जनहानि नहीं

**मुरैना।** ट्रांसफार्मर में अचानक लगी आग से इलाके में भगदड़ मच गई और लोग इस मुसीबत से छुटकारा पाने के लिए इधर-उधर जुगत में जुट गए। कुछ देर ही पश्चात दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के अनुसार मुरैना नगर निगम के अंतर्गत आने आने वाले रामनगर तिराहे के पास रविवार की दोपहर में अचानक शॉर्ट सर्किट की वजह से ट्रांसफार्मर में आग लग गई, आग इतनी भयानक थी कि थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के लोगों में भगदड़ मच गई। लोगों ने आग की सूचना फायर बिग्रेड और पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची गई। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों को दूर हटाया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर पर पानी डालकर आग पर काबू पाया। गनीमत ये रही की ट्रांसफार्मर के आसपास से गुजरने वाले लोग सुरक्षित निकल गए। आग की घटना में कोई भी व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है। पुलिस वालों ने मौके पर पहुंचकर विद्युत विभाग के अधिकारी को सूचना देकर विद्युत सप्लाई की आपूर्ति को बंद कराया और फायर बिग्रेड की गाड़ी की मदद से आग को बुझाया गया।




## एनसीसी ने मनाई सुभाष चन्द्र बोस की 125 वीं जयंती

**मुरैना।** शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्र 01 मुरैना में 23 जनवरी 1887 को पश्चिम बंगाल के कटक में जन्में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125 वीं जयंती मनाई गई। उनकी जयंती को देश में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनकी जयंती के अवसर पर एनसीसी अधिकारी उमेश कुमार तिवारी, सीनियर कैडिट रितिक सिंह तोमर, शिवम सिंह तोमर एवं राजीव सिंह परमार ने फूलमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और नेताजी का प्रसिद्ध नारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा के वारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि यह नारा कब किस समय जोश बढाने के लिये लगाया था।



इस अवसर पर कैडिट रितिक सिंह तोमर ने उनके जीवनकाल के प्रमुख कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अन्त में एनसीसी अधिकारी उमेश कुमार तिवारी ने बताया कि युवाओं के प्रेरणा श्रोत नेताजी ने अपना पूरा जीवन देश के नाम कर दिया और अंतिम सांस तक देश की आजादी के लिए संघर्ष करते रहे। नेताजी हर कीमत पर मां भारती को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराने को आतुर देश के उग्र विचारधारा वाले युवा वर्ग का चेहरा माने जाते थे।




## राठौर समाज के सामाजिक चुनावों की नामांकन प्रक्रिया संपन्न

**मुरैना।** राठौर समाज जनकल्याणकारी समिति द्वारा राठौर समाज के सामाजिक चुनावों को लेकर दो दिन से नामांकन प्रक्रिया जारी थी, समाज में पहली बार हो रहे लोकतांत्रिक प्रक्रिया से समाज के चुनाव को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। पूरे मुरैना जिले में ही नहीं बल्कि राजनीतिक गलियारों और प्रदेश भर के सर्व सामाज के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। चुनावी प्रक्रिया में भाग्य आजमाने वाले राठौर समाज बंधुओ के नामांकन पूरे जिले भर से प्राप्त हो रहे हैं, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 5, महामंत्री पद के लिए 2, कोषाध्यक्ष पद के लिए 3 लोगों ने अपने नामांकन दाखिल किये हैं। राठौर समाज के चुनाव में नामाकंन प्रक्रिया के तहत 24 जनवरी से 26 जनवरी तक नामांकन फार्म में कागजी कमियाँ पूरी की जायेंगी तथा 27 जनवरी को समिति पूर्ण संतुष्ट होकर फार्म को स्वीकार या अस्वीकार करेंगी। तत्पश्चात 28 व 29 जनवरी को नाम निर्देशन पत्र वापस लिए जावेगें। उपरोक्त कार्यवाही पूर्ण होते ही आगामी 30 जनवरी रविवार को समिति की बैठक होगी, जिसमें राठौर समाज जनकल्याण समिति के द्वारा मतदाता सूची जारी की जावेगी।



## शहर जिला कांग्रेस ने मनाई नेताजी सुभाष चंद बोस जी की जयंती

**मुरैना।** आज शहर जिला कांग्रेस कार्यालय पर नेताजी सुभाष चंद बोस के छाया चित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद बोस के चित्र पर उपस्थित अतिथियों एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प एवं माल्यार्पण कर उनको याद किया गया।

इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक शर्मा ने नेताजी सुभाष चंद बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नेताजी सुभाष चंद बोस के मन में देश प्रेम, स्वाभिमान और साहस की भावना बचपन से ही बड़ी प्रबल थी। वे जोशीले क्रांतिकारी दल के प्रिय थे। नेताजी के प्रसिद्ध नारे थे कि तुम मुझे खून दो- मैं तुम्हें आजादी दूंगा, आज हमारी एक ही इच्छा होनी चाहिए-मरने की इच्छा ताकि भारत जी सके। वे अंग्रेज शासन का विरोध करने के लिए अपने भारतीय सहपाठियों का भी मनोबल बढ़ाते थे, उन्होंने देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जहां सुभाष के मन में अंग्रेजों के प्रति तीव्र घृणा थी, वही अपने देशवासियों के प्रति उनके मन में बड़ा प्रेम था। नेताजी के विचार विश्वव्यापी थे, वह समस्त मानव समाज को उदार बनाने के लिए प्रत्येक जाति को विकसित बनाना चाहते थे। उनके विचार थे, कि बढ़ते जातिवाद, गिरते मूल्यों और टूटती परंपराओं एवं सभ्यताओं को सहेजना होगा, अच्छे और बुरे की प्रचलित धारणा को बदलना होगा। सुभाष चंद्र बोस जी एक सच्चे देशभक्त थे। इस मौके पर राजेंद्र गोयल, शहर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अब्दुल रहमान, उमाकांत उपाध्याय सुसानी, शहर जिला कांग्रेस महामंत्री विनोद शर्मा व गौरव चतुर्वेदी, प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस शशि सक्सेना, शहर जिला कांग्रेस महामंत्री अब्दुल रहमान घड़ी वाले, रविन्द्र मोहन डंडोतिया, करणपाल सिकरवार, गोलू पलिया, रिंकू पचौरी, विनोद जोनवार, रामू टुंडेलकर, सुभाष माहोर, सोनू जोनवार, सतीश अर्गल, आकाश रावत, भैरो सिंह बघेल, मोनू यादव आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।






# जीएलए विश्वविद्यालय,मथुरा को एनपीटीईएल रैंकिंग में प्रदेश में मिला दूसरा स्थान




अर्पित गुप्ता उपसम्पादक
पुष्पांजली टुडे

**मथुरा-** जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा को एनपीटीईएल (नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नोलॉजी एन्हांस्ड लर्निंग) की रैंकिंग में पहली बार प्रदेश में दूसरा और देश में 12वां स्थान मिला है। यह रैंकिंग संस्थान के विद्यार्थियों के द्वारा एनपीटीईएल कोर्स में प्रतिभाग कर अच्छी परफार्मेंस के आधार पर जारी की गयी है। बीते दिनों मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन द्वारा संचालित स्वयं प्लेटफार्म पर टॉप 100 एनपीटीईएल लोकल चैप्टर रैंकिंग जारी हुई है।

जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा को एनपीटीईएल (नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नोलॉजी एन्हांस्ड लर्निंग) की रैंकिंग में पहली बार प्रदेश में दूसरा और देश में 12वां स्थान मिला है। यह रैंकिंग संस्थान के विद्यार्थियों के द्वारा एनपीटीईएल कोर्स में प्रतिभाग कर अच्छी परफार्मेंस के आधार पर जारी की गयी है। बीते दिनों मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन द्वारा संचालित स्वयं प्लेटफार्म पर टॉप 100 एनपीटीईएल लोकल चैप्टर रैंकिंग जारी हुई है। इसमें देश के बेस्ट परफार्मेंस वाले 100 संस्थानों की सूची जारी की गई। इसमें जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा का भी नाम शामिल है। इस सूची में जीएलए को टॉप 100 एनपीटीईएल लोकल चैप्टर रैंकिंग में उत्तर प्रदेश में दूसरा और भारत देश में 12वीं रैंकिंग हासिल हुई है। यह रैंकिंग विद्यार्थियों की बेहतर परफार्मेंस के आधार पर जारी की जाती है। इसके अलावा यह रैंकिंग इस बात का भी प्रमाण है कि विश्वविद्यालय स्तर से इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट साइंस आदि विषयों में उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की जा रही है।

विदित रहे कि पिछले तीन वर्षों में जीएलए के 5 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने एनपीटीईएल लोकल चैप्टर कोर्स करने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। इनमें में 2400 से अधिक विद्यार्थी सर्टिफिकेट हासिल कर चुके है। इनमें से 25 से अधिक विद्यार्थियों को गोल्ड सर्टिफिकेट, 500 से अधिक को सिल्वर एवं 130 से अधिक विद्यार्थियों को टॉपर का सर्टिफिकेट हासिल हुआ है। बाकी विद्यार्थी अपना कोर्स करने में पूर्ण योगदान दे रहे हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर परेश चन्द्र साहू ने डिसिप्लिन स्टार का सर्टिफिकेट हासिल किया है। साहू को यह सर्टिफिकेट 50 सप्ताह से अधिक की एनपीटीईएल लर्निंग कर यह सर्टिफिकेट मिला है।इसमे 10 से अधिक शिक्षको को मेंटर का सार्टिफिकेट मिला है जिसमे उन्होंने विद्याथियों की कोर्स मैं प्रॉब्लम सॉल्व करने मे मदद की है।

## टी यू सी सी ट्रेंड यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर द्वारा आज दिनांक 23 जनवरी 2022 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती



अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजली टुडे

**शिवपुरी** – टी यू सी सी ट्रेंड यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर द्वारा बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष कार्यवाहक श्री नरेंद्र मोहन श्रीवास्तव जी प्रदेश महासचिव श्री बादल गोस्वामी एवं पूर्व जिलाअध्यक्ष कॉपरेटिव बैंक एंव वर्तमान जिला अध्यक्ष (ह्लह्वष्ड)श्री राम प्रकाश वर्मा जी एवं पूर्व जिला महामंत्री युवा मोर्चा भाजपा श्री भारत सिंह पाटई जी और श्री गोपाल प्रजापति जी और समस्त जिला कमेटी उपस्थित रहे इस मौके पर श्री नरेंद्र मोहन श्रीवास्तव जी कार्यवाहक अध्यक्ष जी ने दीप प्रज्वलित कर नेताजी को पुष्पांजलि अर्पित किया और सभी साथियों ने पुष्पांजलि दी साथी प्राण लिया आने वाले समय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के सपनों का भारत और गरीब मजदूर वर्ग के लोगों के लिए जन जन तक सरकार की जनहितेषी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कार्य करेंगे और मध्यप्रदेश में 500000 मेंबरशिप का टारगेट पूर्ण करेंगे साथी जिला अध्यक्ष श्री राम प्रकाश वर्मा जी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है जिला अध्यक्ष जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बहुत ही जल्द शिवपुरी जिले के हर कोने कोने में ह्लह्वष्ड के सभी जगह टीम होगी और हम एक मजबूती के साथ से कार्य करेंगे सभी जगह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे और गरीब जनता को लाभ दिलाने के लिए हमेशा कार्य करते रहेंगे सभी साथियों को जय हिंद क्रांतिकारी अभिनंदन के साथ।

## प्राइवेट स्कूल की मान्यता के लिए आवेदन 10 फरवरी तक

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजली टुडे

**शिवपुरी-** निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत प्रायवेट स्कूलों की मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के लिये ऑनलाइन आवेदन आगामी 10 फरवरी तक किए जा सकेंगे। मोबाइल एप से मान्यता आवेदन करते समय प्रायवेट स्कूल को, आरटीई के मापदंडों की पूर्ति के लिए शाला में आवश्यक अधोसंरचना, कार्यरत शिक्षकों तथा स्कूल में आवश्यक संसाधनों की जीईओ टेग फोटो संलग्न करना अनिवार्य है। मोबाइल एप के माध्यम से सहज एवं साक्ष्य आधारित मान्यता आवेदन करने तथा मान्यता आवेदनों के निराकरण की व्यवस्था की गई है।

आरटीई एक्ट के अनुसार उपलब्ध मानकों की पूर्ति करने वाले अशासकीय स्कूल की मान्यता जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 03 वर्ष के लिये जारी की जाएगी। इसी प्रकार बीआरसीसी द्वारा स्कूल का भौतिक सत्यापन कर निरीक्षण रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करने की समय सीमा अशासकीय स्कूल द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने के 15 कार्य दिवस के अंदर निर्धारित की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मान्यता आवेदन के प्रकरणों का निराकरण की समय सीमा 45 कार्य दिवस है। इनके अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मान्यता आवेदन निरस्ती दिनांक से 45 कार्य दिवस तक संबधित अशासकीय स्कूल कलेक्टर के समक्ष अपील कर सकते हैं। कलेक्टर द्वारा अपीलीय आवेदनों का निराकरण स्कूल के आवेदन प्राप्ति के 15 दिवस तक किया जाएगा।




संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने आवेदन करने में सुविधा की दृष्टि से समय सारिणी के साथ ही विस्तृत निर्देश भी पत्र में दिए हैं।

## शाहनगर टीआई हरि सिंह के स्थानंतरण पर बिदाई समारोह आयोजित



गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो
पुष्पांजली टुडे

**पन्ना /शाहनगर** – थाने के हरि सिंह का स्थानतरण पन्ना जिले अजयगढ होने पर आज 20 जनवरी को बिदाई समारोह पर तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण से स्वागत किया । अपने बिदाई अवसर पर टी आई हरि सिंह ने सभी स्टाप का अपने कार्यकाल पर जो सहयोग रहा सभी का धन्यवाद किया क्राइम के मामले में जितने भी अनुसंधान किये गये है उसमें टीआई हरि सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर एस प्रज्ञा परौहा एस आई रवि जादौन ए एस आई भैयामन सिंह प्रधान आरक्षक लखन लाल प्यासी, कमलेश व्यास , हेमंत रावत , शिवराज सिंह आरक्षक गजेन्द्र उरमलिया सुरेश कुमार यादव शशिकांत भोज अनिल बघेल विजय बिल्लौरे हरिश्चन्द्र निनामा महेश विश्वकर्मा विनोद डाबर सुनील कोकडे नितेश असाटी महिला आरक्षक रश्मी गौर चालक आरक्षक सुरेन्द्र बर्मन सैनिक छोटे सिह मोहन सिंह दिनेश साहु शामिल रहै।

# ज्वेलर्स व्यापारी धर्माराम पर जानलेवा हमला करने वाले अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुष्पाजंली टुडे

**चैन्नई–** गत 20 जनवरी 2022को तमिलनाडु राज्य के चेंगलपेट के समीप मामन्डुर क्षैत्र के स्थानीय ज्वैलर्स व्यापारी धर्माराम सीरवी पर एक स्थानीय रवडी और असामाजिक तत्वों द्वारा धारदार हथियार से जानलेवा हमला हुआ। हमले के दिन तमिलनाडु पौन ब्रोकर्स एंवम् ज्वैलर्स एसोशिएसन संगठन के प्रदेशाध्यक्ष और भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी तेजानंदजी महाराज एक पीडित व्यापारी को न्याय दिलाने हेतु मदुरैई डी एस पी से मिलने गये हुवे थे। इसलिए तुरंत घटनास्थल पर नहीं पंहुंच सके। माननीय प्रदेशाध्यक्ष महोदय ने तुरंत इस घटना का संज्ञान लिया और घटनास्थल पर जाकर इसकी पूरी जानकारी एकत्रित करके पडलम पुलिस स्टेशन की इंसपेक्टर साहिबा सत्यवानी से बात करके इस घटना में लिप्त गुंडों और अपराधियों को कडी सजा देने की गुहार लगाई। माननीय इंसपेक्टर साहिबा और आला पुलिस अधिकारियों ने प्रदेशाध्यक्ष महोदय को भरोसा दिलाया कि वे इस घटना को गंभीरता के साथ ले रहे हैं और साथ ही



पीडित्त व्यापारी के प्रति संवेदना व्यक्त की। कथित अपराधी पहले भी दो-तीन हत्याओं को अंजाम दे चुका हैं। हाल ही में जमानत पर रिहा हुआ था। यह अपराधी चांदी की अंगूठी लेने के लिए दुकान पर आया था और उधार पूछा। दुकानदार ने उधार देने से शिष्टतापूर्वक मना कर दिया। इसके बाद वह चला गया और शाम को 4बजे के आसपास अचानक हत्या के इरादे से इस घटना को अंजाम देकर भाग गया। प्रदेशाध्यक्ष महोदय स्वामी तेजानंद महाराज ने गुडवानचेरी क्षैत्रीय प्रभारी विमलकुमार सीरवी और कालुराम सीरवी के साथ चेन्नई के मियाट अस्पताल जाकर पीडित्त व्यापारी के भाई तुलछाराम से मुलाकात की और उन्हें अपराधियों को कडी सजा दिलाने का भरोसा दिलाया। घटना में घायल हुवे व्यापारी धर्माराम के स्वास्थ्य की पूरी जानकारी प्रदेशाध्यक्ष महोदय ने ली। और उनके स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की।मियाट अस्पताल में कोरोना प्रोटोकॉल के कारण प्रदेशाध्यक्ष पीडित्त व्यापारी से सीधे नहीं मिल सके। प्रदेशाध्यक्ष महोदय को इस घटना को गंभीरता से लेने और दोषियों पर तुरंत कडी कार्यवाही करने के लिए बहुत बहुत धन्यवाद दिया।

# मृतकों के परिजनों के दुःख में साथ है प्रदेश सरकार, कोई भी माफिया नहीं बचेगा: ओपीएस भदौरिया

### इंदुर्खी गांव में मृतकों के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे राज्यमंत्री, पीड़ित परिजनों को दी 2-2 लाख की सहायता राशि

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** रौन क्षेत्र के इंदुर्खी गांव में नकली शराब की वजह से हुई मौतों के बाद प्रदेश के नगरीय आवास एवं विकास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे। राज्यमंत्री भदौरिया ने पीड़ितों को ढांढस बंधाया और कहा कि आपके परिवार पर जो व्रजपात हुआ है उसके प्रति मेरी सम्वेदनाएँ हैं और आपका ये बेटा भले ही सुख में शरीक नहीं हो लेकिन सदैव हर दुःख में शामिल है, आपकी असहनीय पीड़ा की वजह से मुझे भी व्यक्तिगत वेदना है।

राज्यमंत्री भदौरिया ने परिजनों को सम्बल प्रदान करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आपके साथ खड़ी है और हरसम्भव मदद की जाएगी, इस मामले में जो भी दोषी हैं उन्हें बख्शा नहीं जाएगा,उन्हें उनके इस पाप की सज़ा अवश्य मिलेगी। इस अवसर पर राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने सभी मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख की सहायता राशि प्रदान की एवं सभी परिवारों का



यूआईडी पंजीयन कराया ताकि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की अन्य सहायता भी पीड़ित परिजनों को मिल सके।

राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने मृतक परिवार जनों के रवि उर्फ छोटे पुत्र नागेंद्र जाटव उम्र 30 वर्ष पप्पू उर्फ रामदास जाटव पुत्र राम सिंह जाटव संतोष बाथम पुत्र, छोटे के परिवारजनों को 2-2 लाख, के आर्थिक सहायता के चेक भेंट की और उन्हें सलाह दी कि परिवारजनों को नशा मुक्ति से दूर रखकर स्वयं अपने जीवन को स्वस्थ रखें राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि आपके साथ मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सुख और दुख की घड़ी में हमेशा साथ खड़े रहेंग।

## गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने ग्रामीण मंडल के बूथ क्रमांक 89 पर पहुंचकर बूथ समिति के सदस्यों को फूल माला पहनाकर किया सम्मान

संदीप प्रधान
पुष्पांजली टुडे

**दतिया ।** बूथ विस्तारक कार्यक्रम का जायजा लिया और सभी पदाधिकारियों को लगन और निष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित किया ग्रहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने बूथ विस्तार कार्यक्रम में उपस्थित बार्ड के निवासियों को किया संबोधित कार्यक्रम स्थल पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया विस्तारक योजना के जिला प्रभारी विपिन गोस्वामी मंडल के



विस्तारक अतुल भूरे चौधरी मंडल अध्यक्ष रघुवीर प्रताप कुशवाहा मंडल प्रभारी प्रशांत ढेगुला बद्री प्रसाद साहू योगेश सक्सैना डॉ सलीम कुरेशी अजय दुबे* विनोद अहिरवार कुलदीप यादव सोना सक्सेना श्रीमती शारदा कुशवाहा श्रीमती अनीता अहिरवार मिंकू पाठक धर्मेंद्र गुर्जर विनोद यादव मंगल यादव सहित बड़ी संख्या में वार्ड के निवासी जन मौजूद रहे।



# स्वच्छता में नवाचार, बेकार नहीं है कबाड़

### स्वच्छता निरीक्षक रामचंद्र ने पुराने टायरों से बनाई सुंदर व उपयोगी वस्तुएं

पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर शहर वासी की चाहत है कि हमारा ग्वालियर देश का सबसे स्वच्छ व सुंदर शहर बने। इसके लिए निरंतर अनेक प्रयोग भी नगर निगम द्वारा शहर वासियों के सहयोग से किए जा रहे हैं। स्वच्छता निरीक्षक श्री रामचंद्र धौलपुरिया भी हमेशा कुछ नया करने के लिए तत्पर रहते हैं और पुरानी कबाड़ की वस्तुओं से कुछ नया ,सुंदर व उपयोगी बनाते रहते हैं। इसी कड़ी में आज श्री रामचंद्र ने पुराने टायरों को आकर्षक रंगों से रंग कर लक्कड़खाना शौचालय पर केयरटेकर के बैठने के लिए कुर्सी ही बना दी जो कि लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रही है। जब मन में कुछ नया करने की सोच एवं जज्बा हो तो कठिन कुछ भी नहीं है



ऐसा ही सिद्ध कर रहे हैं स्वच्छता निरीक्षक श्री रामचंद्र धौलपुरिया, जोकि प्रतिदिन प्रातः 5ः00 से क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल लेते हैं और लगभग दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 47,48,51 एवं 53 को साफ व स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी उनको नगर निगम ग्वालियर द्वारा दी गई है जिसका निर्वहन वह बखूबी कर रहे हैं। इसके साथ ही वह अपने आसपास के वार्डों में भी स्वच्छता में योगदान देते हैं। श्री रामचंद्र प्रातः 5ः00 बजे से लेकर दोपहर 2ः00 बजे तक और फिर सायंकाल 6ः00 बजे से रात्रि 10ः00 बजे तक निरंतर क्षेत्र में स्वच्छता के लिए प्रयासरत रहते हैं। उनके निरंतर प्रयास का ही नतीजा है कि उनके क्षेत्र के सभी वार्ड स्वच्छता में अव्वल रहते हैं और वह अपनी इसी व्यस्तता के बीच में से कुछ समय निकालकर हमेशा कुछ नया करने का प्रयास करते हैं। पुराने टायरों को रंग कर उनमें गमले बनाना, पुराने टायर की आकर्षक घड़ी बनाना, पुराने और फटे जींस के गमले बनाना व अन्य कबाड़ की चीजों से कुछ ना कुछ नया बनाने का जुनून उनमें हमेशा रहा है। अपने इसी कर्तव्य निष्ठा के चलते श्री रामचंद्र धौलपुरिया ने आज पुराने पड़े टायरों पर एक आरामदायक और सुंदर आकर्षक कुर्सी ही बना दी जो कि अब लक्कड़ खाना पुल पर बने शौचालय के केयरटेकर के बैठने के काम आएगी। श्री रामचंद्र की इस जीवटता के कारण ही उन्हें नजर आने वाली पुरानी व बेकार वस्तुओं को उठाकर वह उनमें कुछ नया करने का प्रयास करते हैं और इस प्रयास में वह अपनी जेब से पैसे खर्च करने से भी नहीं चूकते हैं।

यदि नगर निगम के अन्य कर्मचारी एवं अन्य नागरिक भी स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें तो हमारे ग्वालियर को स्वच्छता में नंबर वन बनने से कोई नहीं रोक सकता है।

# सागर लोकायुक्त की टीम ने पटवारी को 3हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार



### सीमांकन के नाम पर मांगी गयी थी 5 हजार की रकम

गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो
पुष्पांजली टुडे

**पन्ना/शाहनगर** - नगर के जनपद कालौनी स्थित घर मे अचानक लोकायुक्त की टीम ने सुबह 11 बजे धावा बोल दिया ।जहां शाहनगर तहसील के खमतरा हल्का मे पदस्थ पटवारी मनोज शुक्ला को रंगे हाथों 3हजार की रिश्वत गिरफ्तार कर लिया गया इस खबर से शाहनगर के समस्त कार्यालयों सहित राजस्व अमला मे हडकंप की स्थिति निर्मित हो गयी प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी लड्डु सिंह राठौर पिता गोवर्धन सिंह राठौर उम्र 48वर्ष निवासी खमतरा खुद की जमीन पर कर रहा था भवन निर्माण कर रहा था जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने पदस्थ पटवारी मनोज शुक्ला को दी थी जिसपर पटवारी मनोज शुक्ला ने सीमांकन न कराये जाने पर निर्माण कार्य रोक दिया गया था और किसान लड्डु सिंह राठौर से लगातार पैसों की मांग कर रहा था जिसपर फरियादी ने सागर लोकायुक्त को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाते हुये 17जनवरी को सागर पहूंचा जहा पर लोकायुक्त टी आई अभिषेक वर्मा ने न्याय का भरोसा जताते हुये 20जनवरी को शाहनगर पहुंचे जहा पहले से ही नियोजित 3हजार रूपये हरियाली को कैमिकल्स मिलाकर दिये गये जहा जनपद कालौनी स्थित पटवारी के मकान पर पहुंचकर गिरफ्तार कर लिया गया इस सागर लोकायुक्त टीम मे टी आई अभिषेक वर्मा , टी आई रोशनी जैन आरक्षक रविन्द्र नायक, अजय क्षेत्री, विक्रम सिंह , संतोष गोस्वामी सहित शाहनगर पुलिस रही शामिल रहे ।

# मोबाइल की दुकान में चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरा में हुई

अनिल कुशवाह ब्युरो
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**शिवपुरी**- खबर शिवपुरी कोतवाली क्षेत्र से है जहां नवाब साहब रोड पर स्थित एक मोबाइल की दुकान में आधी रात को चोरों ने धावा बोल दिया जिसकी सारी घटना सीसीटीवी कैमरा में रिकॉर्ड हो गई रिकॉर्ड हो गई प्रार्थी की दुकान रावत मोवाईल स्थित नबाव साहव रोड शिवपुरी पर है प्रार्थी दुकान का ताला लगाकर अपने घर चला गया था कि प्रार्थी दिनांक 24.01.2022 सुबह दुकान खोलने के लिये आया तो प्रार्थी ने देखा कि दुकान के दोनों ताले टूटे गये जब प्रार्थी ने मकान मालिका महेन्द्र शर्मा को सूचना दी कि रात्रि में अज्ञात चोरो प्रार्थी की दुकान का ताला तोडकर दुकान में रखे सामान के नगदी 1 लाख रूपये ए पुराने एनडोईड मोवाईल 25-30 एवं कीपेड चाईना मोबाईल 10 रखे हुये थे एवं दुकान में सामान भी चोरी हो गया था जिसकी काफी तलाश करने पर उसका कोई पता नहीं चला है। जिससे प्रार्थी व परिवार के सदस्य काफी परेशान बने हुये है प्रार्थी यह भी चाहता है कि वहाँ पर लगे सी.सीटी.बी. कैमरों की फुटेज निकलवाई जावें जिससे अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाकर प्रार्थी के पुराने मोवाईल व नगदी रूपये बरामद किया जाना आवश्यक है।



### वैश्य महासभा सम्मेलन का वार्षिक पंचांग कैलेंडर का हुआ विमोचन



मोनू बाथम रिपोर्टर दैनिक पुष्पांजली टुडे

गोहद । प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी वर्ष 2022 का वार्षिक पंचांग कैलेंडर मध्य प्रदेश वैश्य महासभा सम्मेलन का विमोचन स्थानीय वैश्य महासभा के पदाधिकारियों ने गोहद में किया कार्यक्रम की जानकारी देते हुए इकाई अध्यक्ष विष्णु कुमार अग्रवाल सचिव राम कुमार गुप्ता युवा इकाई अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता सक्रिय सदस्य दिलीप जैन वीरेंद्र गुप्ता विकास गुप्ता पवन अग्रवाल जुग्गी सोनी गिरीश गुप्ता सुरेंद्र पोरवाल पूर्व अध्यक्ष राकेश कुमार सिंघल वैश्य इकाई गोहद ने बैठक में यह निर्णय भी लिया कि इस वर्ष समाज के पांच परिवारों को एकत्रित कर एकजुटता भाईचारा एवं उनकी सहायता समाज में समन्वय स्थापित करने का काम भी इकाई द्वारा किया जाएगा

# शासकीय अनुपयोगी वाहनों की नीलामी हेतु निविदायें 25 जनवरी तक आमंत्रित

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजली टुडे

**शिवपुरी ।** किसान कल्याण कृषि विभाग के प्राप्त निर्देशों के तहत शासकीय अनुपयोगी वाहनों की नीलामी किए जाने हेतु निविदाएं 25 जनवरी तक आमंत्रित की गई है। इच्छुक उम्मीदवार अपनी निविदा मोहरबंद लिफाफे में मय अमानत राशि 5 हजार के साथ अंतिम तिथि को दोपहर 12 बजे तक कार्यालय उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास में प्रस्तुत कर सकता है।




किसान कल्याण तथा कृषि विकास के उपसंचालक ने बताया कि निविदायें 25 जनवरी को सांयकाल 4 बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं एवं समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में दूरभाष क्रमांक 07492-234378 पर संपर्क करें। नीलामी हेतु वाहन महेन्द्रा डीजल जीप एमपी 02/112, वाहन वर्ष 1992, महेन्द्रा डीजल जीप एमपी 02/2862, वाहन वर्ष 1996, एचएमटी 3511 ट्रेक्टर मय ट्राली सीपीजेड 5903, वाहन वर्ष 1986 है, जो उद्यान विभाग शिवपुरी के पास विभागीय स्टोर प्रांगण में स्थित है। समिति को निविदा मान्य अथवा अमान्य करने एवं कार्यक्रम परिवर्तन संबंधी समस्त अधिकार सुरक्षित रहेंगे। जो किसी न्यायालय में चुनौती योग्य नहीं होंगे। निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

### पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा गणतंत्र दिवस की तैयारी को देखते हुए थाना अमानगंज, सुनवानी, सिंमरिया, अजयगढ एवं चौकी हरदुआ का किया गया सरप्राईज विजिट

गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो
पुष्पांजली टुडे



**पन्ना** । पुलिस अधीक्षक पन्ना धर्मराज मीना के द्वारा आगामी राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की तैयारी को देखते हुए थाना अमानगंज, सुनवानी, सिंमरिया, अजयगढ एवं चौकी हरदुआ का सरप्राईज विजिट किया गया, साथ ही समस्त अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी को आगामी 26 जनवरी को देखते हुए कानून व्यवस्था, नाकाबंदी और गश्त को ठीक तरीके से करने संबधी दिशा निर्देश दिए। सीसीटीएनएस सिस्टम , सीसीटीव्ही कैमरों के रखरखाव, जनसुनवाई मे आने वाले आवेदन पत्रों का जल्द निराकरण करने, कोविड संक्रमण से पुलिस स्टाफ को सुरक्षित रखने संबधी निर्देश दिए गए एवं फरार अपराधियों को पकड्ने, पुराने बारन्ट तामील करवाने के निर्देश भी दिए गए ।

# भाजपा जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर की बिटिया की शादी में राजनेता हुए शामिल

### केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया, राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया सहित कई गणमान्य नागरिकों ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड** । भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर की बिटिया आयुष्मति लक्ष्मी के विवाह समारोह में भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों राजनेताओं शामिल हुए द्य

भाजपा जिला अध्यक्ष की बिटिया के शादी समारोह के दौरान आयुष्मति लक्ष्मी आयुष्मान दिग्विजय को भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर मध्य




प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया मध्य प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन आवास मंत्री ओ पी एस भदौरिया मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त आशुतोष तिवारी एवं एवं सांसद पूर्व सांसद विधायक एवं वर्तमान विधायक एवं सभी जन प्रतिनिधि और संभाग एवं जिला के भाजपा पदाधिकारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर आशीर्वाद प्रदान किया और उन्हें बधाई दी ।

भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने शादी समारोह में आए केंद्रीय मंत्री एवं मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की अगवानी करते हुए उन्हें गुलदस्ता देकर सम्मान किया द्य भाजपा नेताओं ने मध्य प्रदेश बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष दर्जा राज्यमंत्री प्राप्त डॉ राजकुमार सिंह कुशवाह एवं भिंड में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य वरिष्ठ नेता रमेश दुबे के भाई अनु दुबे की बिटिया की शादी में भी पहुंचकर वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया और उन्हें शुभकामनाएं भी दीं।

# कमिश्नर न्यायालय में पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष की अपील निरस्त







### कलेक्टर न्यायालय द्वारा पूर्व में पारित आदेश रहेगा यथावत

### अपील प्रकरण में भी भरत मिलन पाण्डेय दोषी पाए गए

गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो
पुष्पांजली टुडे

**पन्ना**-कमिश्नर न्यायालय सागर द्वारा पन्ना जिले के जनपद पंचायत अजयगढ़ के पूर्व अध्यक्ष भरत मिलन पाण्डेय के अपील प्रकरण की सुनवाई के दौरान विगत 22 अक्टूबर को कलेक्टर न्यायालय पन्ना द्वारा जारी आदेश को सही माना है और भरत मिलन पाण्डेय को प्रकरण में दोषी पाया गया है। शासकीय कार्य में बाधा डालने और जनपद पंचायत सीईओ के साथ अभद्रता के मामले में पूर्व में भरत मिलन पाण्डेय को पद से पृथक करने की कार्यवाही की गई थी और 6 वर्ष तक चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया था। फैसले के बाद विभिन्न कर्मचारी संघ ने आयुक्त के निर्णय की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि भरत मिलन पाण्डेय द्वारा अधिवक्ता नितेन्द्र सिंघई के माध्यम से कलेक्टर न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 0001/अ-89/2015-16 में दिनांक 22 अक्टूबर 2021 को पारित आदेश के विरूद्ध म.प्र. पंचायत राज्य एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा 91 के तहत कमिश्नर न्यायालय में अपील प्रस्तुत की गई थी। प्रकरण में अपीलार्थी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 252/15 धारा 353, 294, 506 भा.द.वि. का आपराधिक प्रकरण तत्कालीन सीईओ आनंद शुक्ला की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था। कलेक्टर पन्ना द्वारा कर्मचारी संघ के ज्ञापन पर अपीलार्थी के विरूद्ध धारा 40 का प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही शुरू की तथा अपीलार्थी को सुनवाई का अवसर प्रदान कर 22 अक्टूबर 2021 को धारा 40 उपधारा 2 के प्रावधानों के तहत अध्यक्ष पद से पृथक कर 6 वर्ष के लिए निरर्हित घोषित किया गया। प्रकरण में प्रस्तुत दस्तावेजों और अपीलार्थी अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत तर्कों का अवलोकन कर पद का दुरूपयोग करते हुए शासकीय अधिकारी के साथ मारपीट करने की घटना को लोकहित में उचित नहीं पाया गया। कमिश्नर न्यायालय सागर द्वारा विवेचना के आधार पर अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील को निरस्त कर जिला कलेक्टर पन्ना के आदेश को यथावत रखा गया है।

# केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने नन्ना जी को दी श्रद्धांजलि



ग्वालियर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर इन दिनों ग्वालियर चंबल अंचल के दौरे पर हैं। रविवार को शिवपुरी जिले के पिछोर पहुंचे केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री स्वर्गीय श्री लक्ष्मी नारायण गुप्ता ÷नन्ना जी÷ के निवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा नेता और पूर्व मंत्री स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण गुप्ता नन्ना जी का 103 वर्ष की आयु में पिछले दिनों निधन हो गया था। जीवन के अंतिम दिनों तक भी वह पार्टी में सक्रिय रहे और नई पीढ़ी को अपना मार्गदर्शन देते रहे। केंद्रीय मंत्री ने नन्ना जी के निवास पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर करैरा में भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री वीके गुप्ता के निवास पर पहुंचे जहां उन्होंने वीके गुप्ता की पत्नी स्वर्गीय श्रीमती गुप्ता के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने श्री गुप्ता परिवार को दुख की इस घड़ी में ढांढस बंधाया। केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर रविवार को करेरा के ग्राम स? भी पहुंचे। यहां वह भाजपा के प्रदेश महामंत्री और पूर्व विधायक रणवीर रावत के निवास पर पहुंचे। जहां उन्होंने रावत की माताजी श्रीमती रामश्री रावत के निधन पर शोक व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री तोमर ने स्वर्गीय श्रीमती रावत के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री के साथ उद्यानिकी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाहा भी साथ में रहे।

# आनंद उत्सव के तहत बाल भवन में बच्चों के साथ वृद्धों ने भी लिया खेल का आनंद



ग्वालियर । दौड़ भाग भरी तनावपूर्ण जिंदगी में आम जनों को राहत प्रदान करने एवं माइंड फ्रेश करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष आनंद उत्सव का आयोजन किया जाता है। आनंद उत्सव के तहत इस वर्ष विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है जिसमें बच्चे, बड़े, बूढ़े, कर्मचारी ,अधिकारी सभी भाग ले रहे हैं।

जिसके तहत आज दूसरे दिन ग्वालियर नगर निगम द्वारा बाल भवन पार्क में कई खेल प्रतियोगितायें आयोजित कर आनंद उत्सव मनाया गया। आनंद उत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सभी बच्चों ने कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया और मास्क के बाद सैनिटाइजर का उपयोग करते हुए प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार आज रविवार को बाल भवन पार्क में आयोजित आनंद उत्सव में सभी आयु वर्ग के नागरिकों में खेल प्रतियोगितायें आयोजित की गई। जिसमें कबड्डी, सितोलिया , रस्साकशी एवं खो खो व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिसमें बच्चे ही क्या बडों ने भी बडे उत्साह से भाग लिया तथा विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी श्री विजय कुमार उपमन्यू, श्री केशव सिंह चौहान, श्री ए के शर्मा ,श्री गौरव परिहार, श्री जितेंद्र सिंह राठौड़, श्री अनुराग गुर्जर एवं श्री इकरार सहित अन्य अमला उपस्थित रहा।

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इंटक मैदान में बने हॉकर्स जोन में व्यवस्थाओं को लेकर

संबंधित अधिकारियों के साथ की बैठक, दिये आवश्यक दिशा निर्देश



ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने हजीरा स्थित इंटक मैदान में बने हॉकर्स जोन में अधिकारियों के साथ बैठक कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हॉकर्स जोन में सब्जी विक्रेता, फल विक्रेता, चाट ठेले, कपडे आदि लगने वाले सभी ठेले वालों को ब्लॉक वाइज लगायें इसके लिये आर्केटेक्चर से नक्सा बनवाएँ। जिससे इनको व्यापार करने में आसानी रहेगी। साथ ही हॉकर्स जोन में भ्रमण कर सब्जी विक्रेताओं व फल विक्रेताओं से व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इंटक मैदान में जिला प्रशासन, निगम व पुलिस के संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देशित किया कि हॉकर्स जोन में लाइट, पानी, शौचालय, स्वच्छता, पार्किंग व बरसात के पानी के निकासी के लिये ड्रेनेज सिस्टम आदि सभी व्यवस्थायें सुदृण की जाएं। यहां व्यापार करने आने वाले सभी ठेले वालों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा सुरक्षा के लिये पर्याप्त पुलिस बल हमेशा उपस्थित रहना चाहिए साथ ही सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिये भी निर्देशित किया। इसके साथ ही सभी ठेले वालों को आईडी कार्ड व चबूतरा आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सब्जी विक्रेताओं से चर्चा कर कहा कि आपका अधिकार आपके हाथों मे है, जैसा आपका आदेश होगा आपका सेवक वैसा ही करेगा, आपकी सहमति के बिना कुछ नही होगा, जो दुकानदार कहेंगे हम वैसी ही व्यवस्था देने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने नवीन सब्जी मंडी में भ्रमण कर सब्जी विक्रेताओं से चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृण करने के लिये निर्देशित किया। इसके साथ ही पुरानी सब्जी मंडी में किराना का व्यापार करने वाले व्यापारियों से भी चर्चा की। साथ ही लाइन नम्बर 2 व 25 क्वाटर लाइन में भी भ्रमण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### क्राइसिस मैनेजमेंट समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर वार्ड मॉनिटर एवं संबंधित अधिकारी करें कार्रवाई

ग्वालियर । स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के लिए सभी के सामूहिक प्रयासों से ही ग्वालियर सबसे स्वच्छ शहर बनने की दिशा में अग्रसर होगा इसलिए सभी नागरिक गण इसके लिए अपनी सहभागिता करें और बाढ़ क्राइसिस मैनेजमेंट समिति द्वारा स्वच्छता को लेकर दिए गए सुझावों पर वार्ड मॉनिटर सहित अन्य संबंधित अधिकारी कार्यवाही कर प्रतिवेदन दें। उक्त आशय के निर्देश निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सेना एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आज वी सी के माध्यम से आयोजित वार्ड क्राइसिस मैनेजमेंट समिति की बैठक में समिति सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिए। स्वच्छ ग्वालियर एवं स्वस्थ ग्वालियर की परिकल्पना को साकार करने एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में ग्वालियर को सर्वोच्च स्वच्छ सिटी बनाने के उद्देश्य से निरंतर की जा रही मॉनिटरिंग एवं सुझाव के क्रम में प्रत्येक रविवार को वार्ड क्राइसिस मैनेजमेंट समिति के सदस्यों के साथ जॉन स्तर पर बैठक कर एवं वार्ड स्तर पर वीसी के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा चर्चा कर सुझाव लिए जा रहे हैं। जिसके तहत आज उपनगर ग्वालियर ग्वालियर दक्षिण, ग्वालियर पूर्व एवं ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व वार्ड क्राइसिस मैनेजमेंट समिति के सदस्यों के साथ चर्चा कर उनके सुझाव लिए गए तथा सभी सुझावों को नोट किया गया जिन पर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। चर्चा के दौरान संभागीय आयुक्त एवं निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सेना ने बताया कि स्वच्छता के क्षेत्र में नवाचार करने के लिए एनयूएलएम द्वारा गठित स्व सहायता समूह के माध्यम से प्रत्येक वार्ड में घर-घर से अनुपयोगी वस्तुओं को एकत्र करा कर प्रत्येक वार्ड में एक निश्चित स्थान पर उन्हें पुनः उपयोग के लिए तैयार कर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को बहुत ही कम दाम में उपलब्ध कराई जाए इसके साथ ही कपड़ों के थैले व मास्क इत्यादि बनाकर भी वितरित किए जा सकते हैं इसके लिए सभी सहयोग करें। इसके साथ ही सभी वार्ड मॉनिटर अपने अपने वार्ड में स्वच्छता के क्षेत्र में अच्छे कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित करने के लिए प्रत्येक श्रेणी में चार पांच लोगों का चयन कर वार्ड क्राइसिस मैनेजमेंट समिति के 10 सदस्यों के समक्ष रखें जिससे समिति सदस्य उपयुक्त व्यक्तियों व प्रतिष्ठानों का चयन कर उन्हें पुरस्कृत कर सकें।






# 66 वार्डों में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित



### स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत स्वच्छ पाठशाला, अस्पताल, होटल, संस्थान, घर , दुकान सहित नौ श्रेणियों में दिया सम्मान

ग्वालियर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत नगर निगम ग्वालियर द्वारा आम जनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न 9 श्रेणियों में वार्ड स्तर पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज रविवार को सभी 66 वार्ड में कार्यक्रम आयोजित कर 9 श्रेणियों में सम्मान पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही वार्ड के अन्य लोगों को भी स्वच्छता में सहयोग के लिए प्रेरित किया गया।

निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सेना एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर वार्ड वार चलाए जा रहे स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत वार्ड स्तर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर आम जनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले नागरिकों, संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है। इसके तहत स्वच्छ पाठशाला ,स्वच्छ अस्पताल, स्वच्छ होटल, स्वच्छ संस्थान, स्वच्छ कॉलोनी एवं स्वच्छ कार्यालय के साथ ही ऐसा घर जहां गीले कचरे को रीसायकल कर खाद इत्यादि बनाई जाती हो। इसके साथ ही स्वच्छ दुकान एवं सबसे अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारी को भी सम्मानित किया गया।

वार्ड क्रमांक 37 में क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी ,वार्ड स्वच्छता समिति की बैठक करके स्वच्छ विद्यालय, अस्पताल, प्रतिष्ठान,रेस्टोरेंट, कार्यालय, स्वच्छ कर्मचारी, स्वच्छ आवास आदि श्रेणियों में सम्मानित करके प्रमाण पत्र वितरित किये गये।इस अवसर पर श्री मुकेश परिहार(पूर्व पार्षद), श्री जितेंद्र सिंह घुरैया, श्री मुकेश धाक?, श्री राजेंद्र भट्ट ,डॉ. श्री इमले आदि तथा वार्ड मॉनीटर श्री कीर्ति वर्धन मिश्रा, श्री विशम्भर बनाफल(ए. एच. ओ.),स्वच्छता निरीक्षक श्री सेवाराम खरे, श्री अजय धौलपुरिया रहे। वहीं जोन क्रमांक 20 पर वार्ड क्रमांक 47,48,51 एवं 53 के स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत ब्रांड एंबेसडर एवं क्राइसिस मैनेजमेंट के सदस्यों की मीटिंग की गई एवं उनको स्वच्छता में सहभागी कर अच्छा कार्य करने के लिए प्रशंसा पत्र दिए गए एवं उनके सुझाव को भी नोटबुक में अंकित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी श्री राजेश रावत ,वार्ड मॉनिटर श्री सत्येंद्र सोलंकी, स्वच्छता निरीक्षक श्री रामचंद्र धौलपुरिया एवं डब्ल्यूएचओ श्री लक्ष्मण घई आदि उपस्थित रहे।

जोन क्रमांक 12 के वार्ड क्रमांक 56 व 45 में क्षेत्राधिकारी श्री अनिल श्रीवास्तव ,सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, श्री जगदीश चित्तौड़िया, समयपाल बृजेश योगी सेनेटरी इंस्पेक्टर राजेश डब्ल्यूएचओ जागेश एवं वार्ड क्रमांक 45 के वार्ड मॉनिटर संजीव झा के द्वारा क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की मीटिंग रखी गई एवं प्रत्येक वार्ड से पांच - पांच स्वच्छता एंबेस्डरो को सम्मानित किया गया। वार्ड 23 में ब्रांड एंबेसडर श्री पवन दीक्षित, श्री शिवराम जाटव और वार्ड मॉनिटर द्वारा समाजसेवी का सम्मान किया गया ,प्रमाण पत्र भी दिए गए । डब्ल्यूएचओ राजेश भारती एवं अन्य नागरिक गण उपस्थित रहे। क्षेत्रीय कार्यालय 16 के वार्ड 35 व 41 में आयोजित कार्यक्रम में अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता द्वारा स्वच्छता में और कोविड 19 में उत्कर्ष सेवा देने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# भाजपा नेताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया नमन



ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी नेताओं द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर रविवार को उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी जी ने नेताजी सुभाष चंद्र बॉस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भारत को पराधीनता की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। देश की आजादी के लिए नेता जी ने आजाद हिंद फौज का गठन किया और उन्होंने देशवासियों को एक प्रसिद्ध नारा दिया तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नेताजी के इस कार्य ने पूरे देशवासियों के दिलों पर एक गहरी छाप छोड़ी। आज हम सब देश की आजादी में उनके योगदान को याद करते हुए कोटि-कोटि नमन करते हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री रमेश अग्रवाल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनुसूचित जाति मोर्चा श्री हरीश मेवा फरोश, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री बाल खंडे, श्री सुधीर गुप्ता, श्री भारत रत्नाकर, श्रीमती वंदना भूपेंद्र प्रेमी आदि उपस्थित रहे।

# नवागत आईजी अनिल शर्मा ने किया पदभार ग्रहण



ग्वालियर। ग्वालियर रेंज के नवागत आईजी अनिल शर्मा ने आज अपना पदभर ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने चर्चा करते हुए बताया कि सन 1989 में प्रवेशनर बना था उसके बाद लगभग 3 साल 6 महीने सीएसपी ग्वालियर रहा ह्यश्च द्गश्2 रहा स्क्र दतिया रहा कई जगह पर एडिशनल एसपी रहा उसके बाद ग्वालियर से बाहर देवास इंदौर शाजापुर एसपी रहा श्री शर्मा ने बताया कि उसके बाद में 1 साल के लिए डीआईजी चंबल बनकर आया बाद में डीआईजी इंदौर उज्जैन ग्रामीण रहा और अभी सागर में 2 साल से मैंआईजी रहा और अब मुझे ग्वालियर आईजी का पदभार दिया गया है श्री शर्मा ने बताया कि उनकी प्राथमिकता रहेगी कि फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार हो हर थाने में सीसीटीवी फुटेज पर विशेष ध्यान दिया जाएगा पुलिस हमारी संवेदनशील रहे पर यदि आता है तो उसके साथ अच्छा व्यवहार करें ऐसा श्री शर्मा ने बताया कुल मिलाकर अच्छी पुलिसिंग देना चाहेंगे ग्वालियर अंचल में अवैध उत्खनन और चिटफंड को लेकर कार्रवाई तेज की जाए। इसके साथ ही ग्वालियर अंचल में जहरीली शराब को लेकर विशेष मुहीम छेड़ी जाएगी। इसके लिए मुखबिर तंत्र को मजबूत किया जाएगा। ताकि किसी भी अपराध को बढ़ने से पहले ही रोका जा सके।आईजी अनिल शर्मा ने कहा है कि पुलिस जीरो टालरेंस पर करेगी। चाहे मामला शराब माफिया का हो, रेत माफिया का हो या फिर सूदखोरों का मामला हो। सभी के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। कार्रवाई के दौरान पारदर्शिता रखने का प्रयास किया जाएगा। आईजी अनिल शर्मा ने शनिवार शाम को प्रभार लेते समय मीडिया से बात कर रहे थे। आईजी अनिल शर्मा 2002 बैच के आईपीएस हैं।

## स्वच्छता में नवाचार, बेकार नहीं है कबाड़



ग्वालियर। स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर शहर वासी की चाहत है कि हमारा ग्वालियर देश का सबसे स्वच्छ व सुंदर शहर बने। इसके लिए निरंतर अनेक प्रयोग भी नगर निगम द्वारा शहर वासियों के सहयोग से किए जा रहे हैं। स्वच्छता निरीक्षक श्री रामचंद्र धौलपुरिया भी हमेशा कुछ नया करने के लिए तत्पर रहते हैं और पुरानी कबाड़ की वस्तुओं से कुछ नया ,सुंदर व उपयोगी बनाते रहते हैं। इसी कड़ी में आज श्री रामचंद्र ने पुराने टायरों को आकर्षक रंगों से रंग कर लक्कड़खाना शौचालय पर केयरटेकर के बैठने के लिए कुर्सी ही बना दी जो कि लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रही है।

जब मन में कुछ नया करने की सोच एवं जज्बा हो तो कठिन कुछ भी नहीं है ऐसा ही सिद्ध कर रहे हैं स्वच्छता निरीक्षक श्री रामचंद्र धौलपुरिया, जोकि प्रतिदिन प्रातः 5‑00 से क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल लेते हैं और लगभग दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 47,48,51 एवं 53 को साफ व स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी उनको नगर निगम ग्वालियर द्वारा दी गई है जिसका निर्वहन वह बखूबी कर रहे हैं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478